वर्ष -09, अंक -314, पृष्ठ- 8 मूल्य : 02 रूपये

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

आधुनिक समाचार

प्रयागराज , बुधवार, 28 फरवरी, 2024

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

Download From Google Play Adhunik Samachar

संक्षिप्त समाचार

इस उम्र में भी जब पीएम मोदी ने की थी सपा सांसद की खुलकर तारीफ

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी के सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क का आज 94 साल की उम्र में निधन हो गया है। मुरादाबाद के सिद्ध हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली।सपा के वरिष्ठ नेता शफीकुर्रहमान बर्क नहीं रहे। उन्होंने हमेशा मुस्लिम समुदाय के अधिकारों को मुद्दा उठाया। भले ही वो सदन में विपक्ष के नेता के रूप में जाने जाते थे लेकिन कुछ दिनों पहले पीएम मोदी ने भी उनकी जमकर तारीफ की थी। 11 जुलाई 1930 को जन्मे शफीकुर्रहमान बर्क ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के साथ की।वो संभल लोकसभा सीट से सांसद थे। तबीयत खराब रहने के बावजूद उन्होंने हमेशा एक सांसद का फर्ज निभाया और लोकसभा की कार्रवाई में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। वो संभल लोकसभा सीट से सांसद थे। तबीयत खराब रहने के बावजूद उन्होंने हमेशा एक सांसद का फर्ज निभाया और लोकसभा की कार्रवाई में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस बात का जिक्र पिछले कुछ दिनों पहले पीएम मोदी ने भी की थी। केंद्र सरकार द्वारा बुलाए गए संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र में पीएम मोदी ने अपने संबोधन में शफीकुर्रहमान बर्क का जिक्र करते हुए कहा, ठयह बड़ी बात है कि संभल के सांसद डॉ शफीकुर्रहमान बर्क आज 93 साल की उम्र होने के बाद भी इस सदन में बैठें हैं। सदन के प्रति हर सदस्य की ऐसी ही निष्ठा होनी चाहिए। पीएम मोदी की इस बात पर पूरा सदन तालियों से गूंज उठा था।शफीकुर्रहमान बर्क के निधन पर शोक जाहिर करते हुए समाजवादी पार्टी ने कहा,समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता, कई बार के सांसद जनाब शफीकुर्रहमान बर्क साहब का इंतकाल, अत्यंत दुःखद।उनकी आत्मा को शांति दे भगवान। शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुःख सहने का संबल प्राप्त हो। भावभीनी श्रद्धांजलि !

गजुवाका के कोचिंग इंस्टीट्यूट में लगी आग मौके पर पहुंची दमकल की गाड़िया

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

विशाखपटनम। आंध्र प्रदेश के विशाखपटनम के गजुवाका में आज सुबह एक कोचिंग इंस्टीट्यूट में आग लग गई। वीडियो में देखा जा सकता है आसमान में धुएं का गुबार उठ रहा है। दमकल की गाड़ियां मौके पर हैं और आग बुझाने की कोशिशें जारी हैं।आंध्र प्रदेश के लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल (एलएनजेपी) में सोमवार देर रात आग लग गई।जिला अग्निशमन अधिकारी की सूचना के अनुसार एक दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची और दो और दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं।सोमवार देर रात दिल्ली के लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल (एलएनजेपी)

विशाखपटनम के गजुवाका में आज सुबह एक कोचिंग इंस्टीट्यूट में आग लग गई। वीडियो में देखा जा सकता है आसमान में धुएं का गुबार उठ रहा है। दमकल की गाड़ियां मौके पर हैं और आग बुझाने की कोशिशें जारी हैं। सोमवार देर रात दिल्ली के लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल (एलएनजेपी) में सोमवार देर रात आग लग गई। चिकित्सा निदेशक सुरेश कुमार ने बताया कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट रहा। किसी भी मरीज को उनके वार्ड से स्थानांतरित करने की कोई जरूरत नहीं पड़ी।

जगन मोहन रेड्डी की सरकार ये क्या कर रही हनुमा विहारी के आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन पर लगाए आरोप

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश)। भारतीय बल्लेबाज हनुमा विहार के आंध्र प्रदेश टीम छोड़ने के फैसले के बाद तेलुगु देशम पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य वर्ला रमैया ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी पर तीखा हमला बोला।हनुमा विहारी ने सोमवार को घोषणा की

कि वह कभी भी घरेलू क्रिकेट में आंध्र प्रदेश का प्रतिनिधित्व नहीं करेंगे। उन्होंने आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। विहारी ने आरोप लगाया कि जनवरी में बंगाल के खिलाफ आंध्र के शुरुआती दौर के मैच के बाद उन्हें कप्तानी से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया था।विहारी ने सोमवार को घोषणा की कि वह कभी भी घरेलू क्रिकेट में आंध्र प्रदेश का प्रतिनिधित्व नहीं करेंगे। उन्होंने आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। विहारी ने यह खुलासा तब किया जब आंध्र प्रदेश की रणजी ट्रॉफी यात्रा क्वार्टर फाइनल के दौरान मध्य प्रदेश से चार रन से हार गई थी।पोलित ब्यूरो सदस्य ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया, ठहनुमा विहारी जैसे होनहार क्रिकेटर ने जगन मोहन रेड्डी और उनके गुर्गों के कारण क्रिकेट छोड़ने का फैसला किया है। उन्होंने आंध्र के सीएम से सवाल किया कि उनकी पार्टी खेल क्षेत्र में हस्तक्षेप क्यों कर रही है और युवा प्रतिभाओं को परेशान कर रही है।उन्होंने कहा, ठयह जानना बहुत अजीब है कि जगन मोहन रेड्डी की सरकार और सत्तारूढ़ पार्टी हर चरण और हर क्षेत्र में हस्तक्षेप कर रही है और उनकी छवियों को नष्ट कर रही है। जगन मोहन रेड्डी के राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण आंध्र प्रदेश राज्य ने अपनी छवि खो दी है।सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में, विहारी ने आरोप लगाया कि जनवरी में बंगाल के खिलाफ आंध्र के शुरुआती दौर के मैच के बाद उन्हें कप्तानी से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया था। उस दौरान, उन्होंने अपने फैसले के लिए व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया था, लेकिन अब खुलासा हुआ है कि एसोसिएशन ने वास्तव में एक खिलाड़ी पर चिल्लाने के बाद राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण उनके खिलाफ कार्रवाई की थी।

दिल्ली-एनसीआर में बदला मौसम का मिजाज हल्की बारिश से हुई दिन की शुरुआत

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नई दिल्ली। देशभर में मौसम का मिजाज बदल रहा है। मैदानी इलाकों में सुबह और देर रात थोड़ी ठंड महसूस होती है। हालांकि, दोपहर में धूप की वजह से लोगों

को ठंड से राहत मिल रही है। दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में आज सुबह से ही हल्की बारिश हो रही है। अगले दो घंटों में (करीब 9 बजे) दिल्ली के अलीपुर बुराड़ी रोहिणी बादली मॉडल टाउन सहित कई इलाकों में बारिश की संभावना जताई गई है। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से आज भी पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल में आज बर्फबारी जारी रहेगी।इसी बीच मंगलवार की सुबह दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में हल्की बारिश हुई, जिसकी वजह से तापमान में गिरावट दर्ज किया गया है। वहीं, कुछ जगहों पर अभी भी तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी हो रही है।मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो घंटों में (करीब 9 बजे) दिल्ली के अलीपुर, बुराड़ी, रोहिणी, बादली, मॉडल टाउन सहित कई इलाकों में बारिश की संभावना जताई गई है। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से आज भी पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि आज अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 25 एवं 13 डिग्री सेल्सियस रह सकता हैमौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर के अलावा पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, बिहार बंगाल समेत कई राज्यों में आज बारिश की उम्मीद है।

क्या होती है क्रॉस वोटिंग और कैसे होता है राज्यसभा चुनाव

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नई दिल्ली। राज्यसभा की 15 सीटों के लिए उत्तर प्रदेश कोटे की 10, कर्नाटक की चार और हिमाचल

प्रदेश की एक सीट के लिए आज चुनाव होगा। इससे पहले 41 सीटों के लिए सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश में 10 सीटों के लिए कुल 11 प्रत्याशी मैदान में हैं जिनमें आठ भाजपा और तीन सपा के हैं। भाजपा ने आठवें प्रत्याशी के रूप में संजय सेठ को उतारकर चुनाव को और रोचक बना दिया है। दसवीं सीट के लिए क्रास वोटिंग तय है, जिसके लिए दोनों पक्षों से प्रयास होगा।राज्यसभा चुनाव के दौरान यूपी कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में क्रास वोटिंग का डर कई दलों को सता रहा है। यूपी में समाजवादी पार्टी और कर्नाटक में कांग्रेस के कई विधायक पार्टी लाइन हटकर से वोटिंग कर सकते हैं। क्रास वोटिंग उसे कहते हैं जब विधायक अपनी पार्टी के प्रत्याशी की बजाय किसी अन्य उम्मीदवार को वोट दे देता है।राज्यसभा चुनाव की प्रक्रिया आम चुनाव से अलग होती है। आम चुनाव के बारे में तो हर किसी को पता होता है, लेकिन राज्यसभा चुनाव का खेल हर आम नागरिक के समझ में नहीं आता है। आइए, आपको बताते हैं कि राज्यसभा चुनाव में वोटिंग कैसे होती है और इसकी क्या प्रक्रिया है।दरअसल, आम चुनाव के इतर राज्यसभा में जाने वाले सांसदों का चुनाव जनता नहीं करती है। इन सांसदों का चुनाव जनता द्वारा चुने गए सांसद करते हैं। राज्यसभा एक स्थायी सदन होता है, जिस तरह लोकसभा भंग हो सकती है उस तरह राज्यसभा भंग नहीं होती। लोकसभा के मुकाबले राज्यसभा में सीटें कम होती है। संविधान के अनुच्छेद 80 के अनुसार, राज्यसभा में सांसदों की कुल संख्या 250 हो सकती है। इन 250 में से 238 सदस्य राज्य या केंद्र शासित प्रदेशों से चुने जाते हैं,

आप्रवासन मतदाताओं का दिल जीतने में बाइडन और ट्रंप

वाशिंगटन। इस साल के अंत में पता चल जाएगा कि अमेरिका का अगला राष्ट्रपति कौन होगा। इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और राष्ट्रपति जो बाइडन आप्रवासन मतदाताओं का दिल जीतने की होड़ में जुटे हुए हैं।अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक ही दिन अमेरिका-मेक्सिको सीमा का दौरा करेंगे। बता दें कि प्रवासियों का मुद्दा 2024 के चुनाव में सबसे गर्म मुद्दों में से एक बना हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के आठ महीने से भी कम समय पहले दोनों ही प्रतिद्वंद्वी नेता गुरुवार को टेक्सास में सीमा के विभिन्न हिस्सों का दौरा करेंगे।दरअसल, रिपब्लिकन की तरफ से ट्रंप और डेमोक्रेट्स की ओर से बाइडन राष्ट्रपति उम्मीदवार घोषित किए गए है। अब प्रवासियों के वोट हासिल करने के लिए दोनों एक ही दिन यानी गुरुवार (29 फरवरी) को यूएस-मेक्सिको सीमा का दौरा करेंगे।बता दें कि प्रवासियों का मुद्दा 2024 के चुनाव में सबसे गर्म मुद्दों में से एक बना हुआ है। हर साल अमेरिका में रिकॉर्ड संख्या में प्रवासी अवैध रूप से प्रवेश करते हैं। इसको लेकर बाइडन ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है। वहीं, ट्रंप हमेशा से कठोर आप्रवासन विरोधी रुख अपनाए हुए है। उन्होंने वादा किया है कि अगर वह सत्ता में वापस लौटे तो वह मेक्सिको से क्रॉसिंग पर रोक लगाएंगे।अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के आठ महीने से भी कम समय पहले दोनों ही प्रतिद्वंद्वी नेता गुरुवार को टेक्सास में सीमा के विभिन्न हिस्सों का दौरा करेंगे। माना जा रहा है कि ट्रंप के सीमा दौरा की घोषणा के बाद ही बाइडन ने भी जल्दबाजी में अपनी सीमा यात्रा की योजना बनाई थी। इस पर व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरिन जीन-पियरे ने कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।ट्रंप के एक प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि बाइडन का उसी दिन सीमा पर जाना एक दिखावा को दर्शाता है।

नए आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाली जनहित याचिका खारिज, कोर्ट ने कही ये बात

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने तीन नए आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाली जनहित याचिका (पीआइएल) पर सुनवाई करने से सोमवार को इन्कार कर दिया। तीनों नए कानून एक जुलाई से लागू होंगे।प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ जस्टिस जेबी. पार्डीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने चेन्नई निवासी टी शिवज्ञानसंबंदन की जनहित याचिका को इस आधार पर खारिज कर दिया कि उनका

इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है।पीठ ने कहा, नए आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाले आप कौन होते हैं? इस मामले में आपको याचिका दायर करने का कोई अधिकार नहीं है। ये तीनों कानून अंग्रेजों के जमाने में बनाए गए आपराधिक कानूनों की जगह लेंगे। तीनों कानूनों को पिछले साल 21 दिसंबर को संसद की मंजूरी मिल गई थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 25 दिसंबर को इन पर मुहर लगा दी थी।

कांग्रेस को लगा एक और झटका, पूर्व मंत्री ने थामा कांग्रेस का हाथ

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नई दिल्ली।लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को एक और तगड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के मौजूदा राज्यसभा सदस्य और यूपीए सरकार में पूर्व रेल राज्य मंत्री नारायण राठवा अहमदाबाद ने बीजेपी का दामन थाम लिया है। वो अपने बेटे संग्राम सिंह के साथ आज (27 फरवरी) भाजपा में शामिल हुए।

कांग्रेस के मौजूदा राज्यसभा सदस्य और यूपीए सरकार में पूर्व रेल राज्य मंत्री नारायण राठवा आज बीजेपी में शामिल हो गए हैं। वो अपने बेटे संग्राम सिंह के साथ आज (27 फरवरी) भाजपा में शामिल हुए। नारायण राठवा उन कांग्रेस नेताओं में से हैं जिनका राज्यसभा टर्म इस बार पूरा हो रहा है। वो साल 2004 में छोटा उदेपुर लोकसभा सीट से जीते थे।गुजरात भाजपा प्रमुख सी आर पाटिल ने यहां पार्टी के राज्य मुख्यालय 'कमलम' में राठवा और अन्य को भगवा स्कार्फ और टोपी देकर पार्टी में शामिल किया।गुजरात के छोटा उदेपुर के आदिवासी नेता राठवा का राज्यसभा सदस्य के रूप में कार्यकाल इस साल अप्रैल में समाप्त हो जाएगा। वह पांच बार लोकसभा के लिए चुने गए। राठवा के बेटे संग्रामसिंह ने 2022 के गुजरात विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जनजाति (एसटी)-आरक्षित छोटा उदेपुर सीट से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था, लेकिन असफल रहे।राठवा 2004 में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार में रेल राज्य मंत्री थे और 2009 के लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार रामसिंह राठवा से हार गए थे।

रेड्डी सरकार ने की चंद्रबाबू नायडू की जमानत रद करने की मांग, कौशल विकास निगम घोटाले में नाम है शामिल

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट से कौशल विकास निगम घोटाले में तेदेपा प्रमुख



एन चंद्रबाबू नायडू को दी गई जमानत रद करने का अनुरोध किया। साथ ही दावा किया कि उनके परिवार के सदस्यों ने जांच में बाधा डालने के लिए लोक सेवकों को धमकाने वाले बयान दिए हैं।आंध्र प्रदेश सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट से कौशल विकास निगम घोटाले में तेदेपा प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू को दी गई जमानत रद करने का अनुरोध किया। साथ ही दावा किया कि उनके परिवार के सदस्यों ने जांच में बाधा डालने के लिए लोक सेवकों को धमकाने वाले बयान दिए हैं। ये बात राज्य सरकार ने जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ के सामने कहीं।शीर्ष अदालत मामले में नायडू को नियमित जमानत देने के आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के 20 नवंबर, 2023 के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई कर रही है। आंध्र प्रदेश सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने पीठ से कहा कि हमने अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने के लिए एक आवेदन दायर किया है।नायडू के परिवार के सदस्यों द्वारा बयान दिए गए हैं। परिवार के सदस्य कह रहे हैं कि जब हम सत्ता में आएंगे, तो हम इन सभी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) में राज्य की प्रार्थना जमानत रद करने की है।मैं जमानत के आदेश के खिलाफ अपील करता हूं। मैं आपको एक परिस्थिति दिखा रहा हूं, जो प्रासंगिक है।

कर्नाटक के राज्यसभा चुनाव में बीजेपीको बड़ा झटका

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

बेंगलुरु। कर्नाटक की चार राज्यसभा सीटों के लिए वोटिंग जारी है। राज्यसभा चुनाव के बीच बीजेपी को बड़ा झटका लगा है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, बीजेपी विधायक एसटी सोमशेखर ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की है।कर्नाटक के राज्यसभा चुनाव के बीच बीजेपी को बड़ा झटका लगा है। बीजेपी विधायक एसटी सोमशेखर ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की है। भाजपा के मुख्य सचेतक डोड्डानगौड़ा जी. पाटिल ने कहा कि एसटी सोमशेखर ने कांग्रेस पार्टी के पक्ष में वोट किया है। उन्होंने एसटी सोमशेखर के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है।कर्नाटक विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक डोड्डानगौड़ा जी. पाटिल ने कहा कि एसटी सोमशेखर ने कांग्रेस पार्टी के पक्ष में वोट किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी इस मामले को देखेगी और क्रॉस वोटिंग करने पर विधायक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।भाजपा के मुख्य सचेतक पाटिल ने कहा कि एसटी सोमशेखर द्वारा क्रॉस वोटिंग

की पुष्टि की गई है। हम इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि उनके खिलाफ और क्या किया जा सकता है।वोटिंग से पहले बीजेपी विधायक एसटी सोमशेखर ने बयान दिया था। उन्होंने कहा कि मैं उन लोगों के पक्ष में मतदान करूंगा जो मुझे आश्वासन देंगे और विश्वास दिलाएंगे कि वे मेरे निर्वाचन क्षेत्र में जल और अन्य प्रबंधन के लिए धन देंगे।बता दें कि कर्नाटक की चार राज्यसभा सीटों के लिए पांच उम्मीदवार हैं। अजय माकन, सैयद नसीर हुसैन और जी.सी. चंद्रशेखर, नारायण बंदगे और कुपेंद्र रेड्डी मैदान में हैं। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक में कांग्रेस के तीन और बीजेपी के एक सांसद रिटायर हो रहे हैं।बताते चलें कि कर्नाटक विधानसभा में विधायकों की संख्या 224 है।

विधायक सोमशेखर ने की क्रॉस वोटिंगअगर आप पीएम बने तो क्या करेंगे

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नई दिल्ली। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी अलीगढ़ यूनिवर्सिटी पहुंचे। वहां महिलाओं का प्रतिनिधित्व पूरी तरह से नहीं दिखता है।यूनिवर्सिटी में एक छात्रा ने राहुल गांधी से पूछा कि अगर वह भविष्य में देश

उन्होंने छात्राओं से मुलाकात की। उन्होंने महिलाओं से शिक्षा, हक और अभिव्यक्ति जैसे मुद्दों पर छात्राओं से बातचीत की।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान एएमयू की छात्राओं के साथ बातचीत की। एक छात्रा ने राहुल गांधी से पूछा कि अगर वह भविष्य में देश के प्रधानमंत्री बनते हैं तो ऐसे में महिलाओं के हिजाब पहनने को लेकर उनकी क्या राय है। इसपर राहुल गांधी ने जवाब दिया। वहीं उन्होंने कहा कि राजनीति में के प्रधानमंत्री बनते हैं तो ऐसे में महिलाओं के हिजाब पहनने को लेकर उनकी क्या राय है। इस सवाल का जवाब देते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि मेरा मानना है कि महिलाएं जो भी पहनना चाहती हैं, वो पहनने का उनका पूरा अधिकार है। ये पूरी तरह से महिलाओं पर निर्भर करता है कि वे क्या पहनना चाहती हैं।राहुल ने कहा कि मेरी राय है कि महिलाएं क्या पहनती हैं, ये उनकी जिम्मेदारी है।उखाड़ फेकेंगा।

मेडिकल बोर्ड में सीएमओ के सामने एसआरएन के दो डॉक्टर भिड़े, मारपीट में एक डॉक्टर लहूलुहान

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

प्रयागराज। सीएमओ ऑफिस में सोमवार दोपहर 2 बजे के करीब दिव्यांग बोर्ड की बैठक के दौरान एसआरएन हॉस्पिटल के दो डॉक्टढरों के बीच किसी बात को लेकर मारपीट हो गई। इस दौरान सीएमओ ऑफिस में मौजूद सीएमओ डा. आशु पांडेय व अन्य अधिकारियों किसी तरह मामला शांत कराया।सीएमओ ऑफिस में सोमवार दोपहर 2 बजे के करीब दिव्यांग बोर्ड की बैठक के दौरानैह हॉस्पिटल के दो डॉक्टरों के बीच किसी बात को लेकर मारपीट हो गई। इस दौरान सीएमओ ऑफिस के मेडिकल बोर्ड में दिव्यांगों का परीक्षण कर रहे थे।दिव्यांग डॉक्टर ने अपने पिता के नाम अस्पताल का पंजीकरण कराया था, वही पंजीकरण प्रपत्र उन्होंने आर्थोपेडिक सर्जन को दिखाकर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह मेरे पिता जी के नाम से अस्पताल का पंजीकरण हो गया है। वह पंजीकरण पत्र जब आर्थोपेडिक सर्जन ने देखा तो उस पर उनकी ही पत्नी का नाम लिखा था। यह देखते ही वह भड़क गए और गाली गलौच करने लगे कि यह पत्नी के नाम से कैसे हुआ? इसी बात पर वह दिव्यांग डॉक्टर पर धावा बोल दिए और उनके मुंह से ब्लड आने लगा।दरअसल, दिव्यांग डॉक्टर ने जिस अस्पताल का रजिस्ट्रेशन सीएमओ ऑफिस से कराया है उस पर आर्थोपेडिक सर्जन की पत्नी का नाम है। उनकी पत्नी के नाम से स्टैंप पेपर पर एफिडेविट भी बना है ।

शादी समारोह में जा रहे मोटरसाइकिल सवार युवकों को ट्रक नें रौंदा

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

प्रयागराज। सोमवार की देर रात घर से करछना शादी समारोह में सम्मिलित होने जा रहे मोटरसाइकिल सवार युवकों को पीछे से आए ट्रक ने रौंद दिया। सोमवार की देर रात घर से करछना शादी समारोह में सम्मिलित होने जा रहे मोटरसाइकिल सवार युवकों को पीछे से आए ट्रक ने रौंद दिया। एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल दूसरे युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।नैनी कोतवाली क्षेत्र के नेवती गांव निवासी दिलीप भारतीया के दो पुत्रों और एक पुत्री में सबसे छोटा बृजेश भारतीया राजमिस्त्री का काम करता था। बृजेश और मामाभान्जा तालाब निवासी अश्विनी मिश्रा पुत्र संजय मिश्रा में गहरी दोस्ती थी। सोमवार की रात दोनों अपाचे मोटरसाइकिल से एक मित्र की शादी में सम्मिलित होने करछना जा रहे थे। रात दस बजे के लगभग दोनों घूरपुर थाना क्षेत्र के इरादतगंज हवाई पट्टी पर पहुंचे थे कि पीछे से आई तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल को रौद डाला।आस-पास के लोग दौड़े तब-तब घटना को अंजाम देने वाला ट्रक जा चुका था। लोगों की सूचना पर पुलिस भी पहुंची तब-तक बृजेश भारतीया 25वर्ष की सांसें थम चुकी थीं। गंभीर रूप से घायल अश्विनी मिश्रा को सरकारी एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बृजेश की मौत की सूचना घर पहुंचीं तो परिजनों में कोहराम मच गया। अड़ोस-पड़ोस के लोग भी बृजेश के सीधे-सादे ब्यवहार की चर्चा कर शोक व्यक्त करते रहे।

परीक्षा रद्द न करने पर भड़के अभ्यर्थी, यूपीपीएससी के सामने लिखा लीक सेवा आयोग

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

प्रयागराज। समीक्षा अधिकारी-सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा को निरस्त करने की मांग को लेकर आंदोलन लगातार जारी है। छात्रों ने यूपीपीएससी गेट के सामने सड़क पर लीक सेवा आयोग लिखकर विरोध जताया और पुनः परीक्षा कराने की मांग की। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) आरओ-एआरओ परीक्षा रद्द करने की मांग पर छात्र अड़ गए हैं। छात्रों ने आयोग के मुख्य गेट के सामने सड़क पर लीक सेवा आयोग, आरओ-एआरओ रीएक्जाम लिखा है। आंदोलित अभ्यर्थी किसी भी जांच और आश्वासन को मानने के लिए तैयार नहीं हैं। छात्रों का कहना है कि परीक्षा की शुचिता पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है, इसलिए अब पेपर निरस्त करने के अलावा कोई चारा नहीं बचा है। सरकार और आयोग अभ्यर्थियों को बरगलाने का प्रयास कर रहे हैं। जांच के नाम पर लीपापोती की जा रही है। इसके पहले भी लीक होने का मामला सामने आ चुका है। उस समय परीक्षा को निरस्त कर दिया गया था।आंदोलित अभ्यर्थियों ने सोमवार को महापंचायत 2.0 बुलाई थी। सुबह 10 बजे से होने वाली महापंचायत के लिए बड़ी संख्या में छात्र जुट रहे थे। प्रशासन ने आयोग आने वाले रास्ते को चौराहे से ही बंद कर दिया और बैरिकेडिंग लगा दी। छात्रों से कहा गया कि आयोग के सामने किसी भी प्रकार का धरना प्रदर्शन करना गैर कानूनी है। प्रदर्शन और विरोध के लिए पत्थर गिरजाघर चौराहा अधिकृत किया गया है। छात्र वहां जाकर प्रदर्शन कर सकते हैं। इसके बाद छात्र नारेबाजी करते हुए सिविल लाइंस पत्थर गिरजाघर पहुंचे और सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए। इस दौरान कई थानों की फोर्स मौके पर तैनात रही।

सपाइयों ने कौशाम्बी में फूंका एसपी विधायक पूजा पाल और मनोज पांडे का पुतला

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

प्रयागराज। सपाइयों ने ऊंचाहार से सपा विधायक रहे मनोज पांडेय के खिलाफ भी मुर्दाबाद के नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने सपा मुखिया अखिलेश यादव से पूजा पाल और मनोज पांडे को पार्टी से निकालने को अपील की है। यूपी के कौशाम्बी जिले में मंझनपुर चौराहे पर सपाइयों ने सपा विधायक पूजा पाल का पुतला फूंककर विरोध जताया। राज्यसभा चुनाव में पार्टी के प्रति गद्दारी करने पर लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में चायल से विधायक पूजा पाल का पुतला फूंका सपाइयों ने ऊंचाहार से सपा विधायक रहे मनोज पांडेय के खिलाफ भी मुर्दाबाद के नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने सपा मुखिया अखिलेश यादव से पूजा पाल और मनोज पांडे को पार्टी से निकालने को अपील की है।

भाजपा में शामिल हुए सांसद रितेश पांडेय बोले- चिंतन करे सपा नेतृत्व, क्यों साथ छोड़ रहे लोग

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

लखनऊ। भाजपा में शामिल हुए सांसद रितेश पांडेय ने कहा कि मैं कभी सपा में नहीं रहा लेकिन सपा के नेतृत्व को चिंतन करना चाहिए कि आखिर क्यों लोग सपा छोड़ रहे हैं। बसपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए सांसद रितेश पांडेय ने अपने पिता समेत अन्य सपा विधायकों की क्रॉस वोटिंग पर कहा कि यह सपा नेतृत्व के लिए चिंतन करने का अवसर है। यह किन परिस्थितियों में हो रहा है यह समाजवादी पार्टी के नेतृत्व को बखूबी पता है। सांसद रितेश ने कहा कि समाजवादी पार्टी के पुराने लोगों को ऐसे कठिन फैसले करने पड़ रहे हैं। कई बार विधायक रह चुके तथा पार्टी के लिए समर्पित रहे लोग अब दूर हो रहे हैं। निश्चित रूप से यह फैसला आसान नहीं होता लेकिन परिस्थितियां ही ऐसा माहौल तैयार करती हैं। सपा नेतृत्व को यह विचार करना चाहिए कि इस तरह का माहौल पार्टी में क्यों बनता जा रहा है। रितेश ने कहा कि किसी भी पार्टी की राजनीति के अपने तौर-तरीके होते हैं। अपने मुद्दे भी होते हैं। उस पर काम होना चाहिए लेकिन पार्टी के प्रति समर्पित रहे लोगों की उपेक्षा या उन्हें दरकिनार करने की कीमत पर नहीं।

योगी कैबिनेट की पांच महिला मंत्रियों ने अपने राजनीतिक सफर को किया साझा

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

लखनऊ। यूपी सरकार की मंत्रियों ने अपने जीवन के अनुभव और उपलब्धियां साझा कीं। लखनऊ में आयोजित अमर उजाला संवाद में यूपी सरकार की मंत्रियों ने छठें सत्र में महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री बेबीरानी मौर्य, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, महिला कल्याण एवं बाल विकास राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला और ग्राम्य विकास राज्यमंत्री लक्ष्मी गौतम ने अपने अनुभव साझा किए। यूपी सरकार की मंत्री बेबी रानी मौर्य ने महिलाओं के राजनीति में आने पर कहा कि महिलाओं को राजनीति में भागीदारी करनी चाहिए। यह चुनौतीपूर्ण होता है पर मेरे सास और ससुर ने हमेशा मदद की है। कहा कि हमें बड़े सपने देखने चाहिए। महिलाएं राजनीति को बेहतर बना सकती हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा में महिलाओं का बहुत महत्व है। अगर आप अपने काम को पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ करती है तो उसका परिणाम जरूर मिलता है। बेबी रानी ने कहा कि हम लोग राज्यसभा चुनाव में जीत रहे है। ग्राम्य विकास राज्यमंत्री लक्ष्मी गौतम ने कहा कि राजनीति करने में कठिनाई तो है।

राजकीय महाविद्यालयों में 1.71 करोड़ रुपये से खेलकूद इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करेगी योगी सरकार

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

प्रयागराज। मेजर ध्यानचंद मिशन के तहत राजकीय महाविद्यालयों में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। कुल 171 राजकीय महाविद्यालयों में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रत्येक महाविद्यालय को एक लाख रुपए मिलेंगे। उत्तर प्रदेश में ग्रास रूट लेवल पर खेलों को बढ़ावा दे रही योगी सरकार अब महाविद्यालयों में खेलों का इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर वहां भी खिलाड़ियों को तैयार करने में जुट गई है। इसके लिए सरकार ने मेजर ध्यानचंद मिशन के तहत राजकीय महाविद्यायलों में खेलकूद इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 1.71 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इस राशि को 31 मार्च 2024 तक किया जाना अनिवार्य होगा। इस राशि से खेलकूद से संबंधित विभिन्न निर्माण कार्य कराए जाएंगे, ताकि महाविद्यालयों में आने वाले खिलाड़ियों को प्रशिक्षण और विभिन्न प्रतियोगिताओं की तैयारियों के लिए कहीं अन्य जगह भटकना न पड़े। प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश भर के राजकीय महाविद्यालयों में खिलाड़ियों को तैयार किए जाने की योजना है। साथ ही, पहले से जो खिलाड़ी महाविद्यालयों में अध्ययनरत हैं उन्हें खेल का इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। इसी क्रम में शासन स्तर पर कुल 171 राजकीय महाविद्यालयों में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए प्राविधानित बजट 1.72 करोड़ के सापेक्ष 1.71 करोड़ की राशि जारी की जा रही है। इसके तहत प्रत्येक राजकीय महाविद्यालय को एक लाख रुपए मुहैया कराए जाएंगे, ताकि वो अपने यहां आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर सकें। इसके माध्यम से खिलाड़ी महाविद्यालय में अध्ययन के साथ-साथ अपने पसंदीदा खेलों में करियर बनाने की संभावनाओं को भी मूर्त रूप दे सकेंगे।

आधुनिक
गेस्ट हाउस

- वाटर प्रूफ शेड
- पार्किंग की सुविधा
- मन्दिर की सुविधा
- सी.सी.टीवी.
- छोटे-बड़े कार्यक्रमों के अलग-अलग रेट
- 45000 sq. feet. एरिया
- हरे-भरे वातावरण
- AC कमरा (VIP)

CALL: 9519313894,9415608783, 9415608710

आधुनिक समाचार पब्लिशिंग हाउस, यूपीएसआईडीसी, रेमण्ड रोड, औधोगिक थाने के पीछे भारत पेट्रोलियम के पहले, औधोगिक क्षेत्र, नैनी, प्रयागराज

मेघालय के महा महिम राज्यपाल ने किया मां विंध्यवासिनी देवी का दर्शन पूजन

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
मीरजापुर।मीरजापुर 26 फरवरी 2024- मेघालय के राज्य के महा महिम राज्यपाल श्री फागू चैहान के अष्टभुजा गेस्ट हाउस पहुंचने पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने पुष्प गुष्छ देकर स्वावत व अभिनन्दन किया। तत्पश्चात दोपहर लगभग 03ः00 बजे मां विंध्यवासिनी के धाम में पहुंचकर पूरे विधि विधान व मंत्रोच्चारण के साथ मां विंध्यवासिनी देवी का दर्शन पूजन किया। दर्शन पूजन के पश्चात मंदिर में विराजमान अन्य विग्रहों का भी विधि विधान पूर्वक दर्शन पूजन किया। दर्शन पूजन के उपरान्त अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल एवं नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह ने मां विन्ध्यवासिनी देवी का चित्र व चुनरी देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, सदर क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र त्रिपाठी, धाम सुरक्षा प्रभारी राजेश कुमार मिश्र, उपस्थि रहें।

सीएम दर्पण डैशबोर्ड पोर्टल की नियमित समीक्षा व समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
सोनभद्र। पुलिस उपमहानिरीक्षक, विंध्याचल परिक्षेत्र, मीरजापुर ङ्खआर.पी. सिंहङ्क की अध्यक्षता में मंगलवार को जनपद में अपराध नियंत्रण/कानून व्यवस्था,आगामी लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियों तथा आगामी महाशिवरात्रि पर्व को परम्परागत तरीके मनाये जाने के दृष्टिगत परिक्षेत्र के पुलिस अधीक्षकगण के साथ अपराध एवं कानून व्यवस्था के सम्बंध में समीक्षा गोष्ठी की गई ।अपराध समीक्षा गोष्ठी-वही डीआईजी आर पी सिंह ने बताया कि जनपदों में अपराध एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु वांछित/पुरस्कार घोषित अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी, शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण व भूमि संबंधी विवादों का समाधान थाना दिवस पर राजस्व विभाग के सहयोग से निस्तारित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। चोरी संबन्धी घटनाओं पर रोक लगाने हेतु हॉटस्पाट चिन्हित कर चौराहों/तिराहों पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने तथा चोरी, लूट व अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन कराये जाने, अवैध शराब व अवैध शस्त्र रखने वालों / क्रय-विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कराया जाना तथा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही कराते हुए अधिक से अधिक बरामदगी कराने के निर्देश दिये गये। शासन द्वारा चलाए गए अभियान के अंतर्गत जनपद स्तरीय चिन्हित सनसनीखेज अपराधों की प्रभावी पैरवी कर सजा दिलाने, ऑपरेशन दृष्टि के तहत पब्लिक से समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक सीसीटीवी कवरेज कराने, ओवर लोड वाहनों के अवैध संचालन पर प्रभावी अंकुश लगाने, अवैध शराब निष्कर्षण, भंडारण व बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने, सीएम डैशबोर्ड, पब्लिक ग्रीवांस रिव्यू पोर्टल, ध्ँिए पोर्टल पर प्राप्त होने वाले शिकायती प्रार्थनापत्रों का भली-भाँति अवलोकन कर उनमें निष्पक्ष जांच करने तथा समय से उनको निस्तारित करने, तथा थानों पर महिला हेल्पडेस्क के माध्यम से संचालित अभियान के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु ङ्खशक्ती दीदीङ्क के माध्यम से महिलाओं को लगातार जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया तथा एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा स्कूल/कालेज/कोचिंग संस्थानों/मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग एवं यातायात/सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस प्रबंधन/व्यवस्थापन समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

मा0 केंद्रीय मंत्री ने लाल मिट्टी के कारीगरों हेतु पांच दिवसीय स्टडी-सह-एक्सपोजर दौरे का शुभारंभ किया

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
मीरजापुर।मीरजापुर, 26 फरवरी 2024- मा0 केन्द्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार व नेशनल डिजाइन सेंटर के सौजन्य से चुनार पाटर सेंटर के प्रांगण में लाल मिट्टी के कारीगरों हेतु पांच दिवसीय स्टडी-सह-एक्सपोजर दौरे का शुभारंभ किया। मा0 केंद्रीय मंत्री ने इस एक्सपोजर दौरे के अंतर्गत चुनार के पाटरी उद्योग से जुड़े आठ उद्यमियों को खुर्जा के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया मा0 केन्द्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मंत्र सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास को चरितार्थ करते हुए उत्तर प्रदेश में युवाओं, महिलाओं, किसानों और वंचितों को सशक्त बनाने पर ध्यान देने के साथ उत्तर प्रदेश अब सामाजिक और आर्थिक विकास के सभी पहलुओं में नई ऊंचाइयां हासिल कर रहा है। राज्य में तेजी से औद्योगिक विकास हो रहा है। बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी के विस्तार से आम नागरिकों का जीवन आसान हो गया है, जिससे रोजमर्रा की जिंदगी अधिक सुविधाजनक हो गई है। ईज आफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में उत्तर प्रदेश की रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। मा0 केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब भारत के विकास पथ में सबसे आगे है और अन्य राज्यों के लिए एक माडल स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि आप सभी जानते हैं कि चुनार की लाल मिट्टी की ग्लेज पाटरी का इतिहास भारतीय संस्कृति और विरासत का अहम हिस्सा हैं। यह अपनी सुंदरता, टिकाऊपन और उपयोगी होने के कारण बहुत लोकप्रिय हैं। इनका उपयोग खाना पकाने, भंडारण और सजावट सहित विभिन्न चीजों के लिए किया जाता है। मिट्टी के बर्तनों पर जटिल डिजाइन अक्सर प्रकृति से प्रेरित होते हैं, फूलों से बने डिजाइन उपभोक्ताओं को बहुत आकर्षित करते हैं। यह पॉटरी समुदाय की आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। इस उद्योग की संभावनाओं को देखते हुए चुनार के लाल मिट्टी के उत्पादो को जीआई टैग के तहत संरक्षित भी किया गया है। मा0 केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मुझे बेहद खुशी है कि 'चुनार में लाल मिट्टी के कारीगरों और शिल्पकारों के कौशल विकास एवं सशक्तिकरण के लिए विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) और राष्ट्रीय डिजाइन केंद्र, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार की पहल के तहत बुलंदशहर जिले के खुर्जा शहर में 26 फरवरी से 1 मार्च 2024 तक पाँच दिवसीय अध्ययन- सह-एक्सपोजर दौरे का शुभारंभ किया जा रहा है। इसके प्रथम चरण में चुनार के लाल मिट्टी के पाटरी समूह में से 8 कारीगरों को नामित किया जा रहा है। अध्ययन-सह-एक्सपोजर दौरे का मूल उद्देश्य खुर्जा पॉटरी समूह द्वारा उपयोग में लाई जा रही तकनीकों, डिजाइनों, पैटर्न, प्रसंस्करण, परिष्करण आदि के सबंध में जागरूकता पैदा करना है। इसके अंतर्गत, मिर्जापुर के शिल्पकारों को खुर्जा में मिट्टी के बर्तन की बारीकियों पर चर्चा करने के साथ इसकी पेचीदगियों की तकनीकों का आदान-प्रदान करने का अवसर मिलेगा।

भाजपा सरकार केवल पूंजी पतियों की है सरकारःशमशाद अहमद

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
सोनभद्र।समाजवादी अल्पसंख्यक सभा की बैठक संपन्न मंगलवार को समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय प्रभारी अनिल प्रधान ने बताया कि समाजवादी अल्पसंख्यक सभा की बैठक जिला पार्टी कार्यालय पर संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष फारूख अली जिलानी ने किया त् बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश से चलकर आए मंडल प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा शमशाद अहमद एवं विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी महमूद आलम उपस्थित थे त् बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी मिर्जापुर शमशाद अहमद ने कहा कि समाजवादी पार्टी का ऋण अल्पसंख्यक समाज होता है जिसे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हमेशा सम्मान देने का काम किया है त् कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग की जिम्मेदारी है कि गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करें और आगामी लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को भारी मतो से जीतने का काम करें बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी महमूद आलम ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज एक ऐसा समाज है जो हमेशा समाजवादी पार्टी को आगे बढ़ने का काम करता है और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी ने भी जब प्रदेश के मुख्यमंत्री थे तो अल्पसंख्यक समाज को जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आगे बढ़ने का काम किया बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार ने कहा कि समाजवादी पार्टी एक ऐसी पार्टी है

कंपोजिट विद्यालय सुजौना का वार्षिकोत्सव धूमधाम से हुआ सम्पन्न

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
प्रयागराज। ब्लॉक जसरा में निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को प्राप्त करने तथा जनसमुदाय की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से उच्च प्राथमिक विद्यालय सुजौना में वार्षिकोत्सव और अभिभावक गोष्ठी का धूमधाम से आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। बच्चों ने विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अमर शहीद चन्द्रशेखर आज़ाद की पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गयी। अभिभावक गोष्ठी में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्यामाकांत द्विवेदी ने कहा कि सरकार बच्चों के शैक्षिक अधिगम स्तर को बढ़ाने के लिए बहुत प्रयास कर रही है। साल भर बेहतर उपस्थिति, बेहतर परीक्षा परिणाम वाले बच्चों को पुरस्कार वितरण भी किया गया। उपस्थित अभिभावकों ने सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक भारतेन्द्र त्रिपाठी, नाज़िया सुल्ताना, रजनीकांत पांडेय, जितेंद्र कुमार शर्मा, अमरदीप चौधरी, राकेश कुमार,पूनम तिवारी, पंकज कुमार गुप्त सहित रमाकांत यादव,गीता देवी,मनी प्रसाद दिनेश कुमार केसरवानी, जितेंद्र केसरवानी सहित तमाम अभिभावक उपस्थित रहे।

मिर्जापुर में अनुचित साधन के प्रयोग में एक परीक्षार्थी पकड़ाया, रेस्टिकेट

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
मिर्जापुर। में आयोजित यूपी बोर्ड की हाई स्कूल की परीक्षा के दौरान गणित का पेपर दे रहे परीक्षार्थी को पकड़ लिया गया। जिले में सुबह की पाली में 27014 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 24941 शामिल हुए और 2017 अनुपस्थित रहे। यूपी बोर्ड की हाई स्कूल की मंगलवार को हुई गणित की परीक्षा में एक परीक्षार्थी को अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए पकड़ा गया। उसको रेस्टिकेट कर दिया गया। जिले में मंगलवार को सुबह की पाली में हाई स्कूल की गणित की परीक्षा थी। इसके लिए पहले से ही सतर्कता बरती जा रही थी।

सरस मेले में 12वें दिन दीदियों के लिए आयोजित हुई वर्कशॉप

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
नोएडा। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित एवं राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान द्वारा समर्थित सरस मेले में 12वें दिन मंगलवार को लोगों ने जमकर खरीददारी की। सेक्टर-33ए स्थित नोएडा हाट में आयोजित सरस मेले में हैंडलूम एवं हैंडीक्राफट के प्रोडक्टस की खासी धूम रही। सरस मेले में मंगलवार को 12वें दिन दीदियों के लिए सूक्ष्म उद्यमों/किसान उत्पादक कंपनियों की स्थिरता नामक विषय पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में वरिष्ठ सलाहकार ग्रामीण आजीविका नीति आयोग आरिफ एम. अख्तर ने सभी दीदियों कोकुशल मार्केटिंग के गुर बताए। साथ ही बताया कि अपने सूक्ष्म उद्योग को बड़ा करने के लिए किस प्रकार समूह बनाकर आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि डेली कम्युनिटी से रोजगार के साधन बनाएं। बिजनेस एक्टीविटी चलाने के लिए सामूहिक प्रयास करें। इस अवसर पर राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) की दिल्ली शाख प्रभारी डॉ रुचिरा भट्टाचार्य ने सभी दीदियों उनके कारोबार को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि अपने उत्पादों में बेहतरी लाने के प्रयास करें। वर्कशॉप में मुख्य रूप से एनआईआरडीपीआर के असिस्टेंट डायरेक्टर चिरंजीलाल कटारिया, सुधीर कुमार सिंह तथा सुरेश प्रसाद सहित उनकी टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सरस मेले में मंगलवार को तमिलनाडु के हैंडलूम एवं हैंडीक्राफट के प्रोडक्टस, साडी तथा बम्बू उत्पाद लोगों की पसंद बने। जबकि तेलंगाना हैंडलूम एवं हैंडीक्राफट के प्रोडक्टस में साडी, बेडशीट तथा ड्रैस मैटिरियल की जमकर खरीददारी हुई। वहीं उत्तराखंड के हैंडीक्राफट और हैंडलूम के आकर्षक उत्पादों की धूम रही। जबकि उत्तर प्रदेश के हथकरघा उत्पाद लोगों को पसंद आए। सरस आजीविका मेले में इस बार महत्त्वपूर्ण इंडिया फूड कोर्ट में देश भर के 20 राज्यों की 80 (उद्धमी) गृहणियों का समूह अपने प्रदेश के प्रसिद्ध क्षेत्रीय व्यंजनों के स्टाल लगाए हैं, जिसमें हर प्रदेश के क्षेत्रीय व्यंजनों के स्वाद का अनोखा आनंद प्राप्त हो रहा है। फूड कोर्ट के कोर्डिनेटर श्रेयस कश्यप ने बताया कि इंडिया फूड कोर्ट में सभी राज्यों के व्यंजन लोगों को खूब भा रहे हैं। हैंडलूम सरस आजीविका मेला 2024 में कुछ उत्कृष्ट प्रदर्शन जो हैंडलूम, साड़ी और ड्रेस मेटिरियल में विभिन्न राज्यों से हैं, जिनमें टसर की साड़ियां, बाघ प्रिंट, गुजरात की पटोला साड़ियां, काथा की साड़ियां, राजस्थानी प्रिंट, चंदेरी साड़ियां। हिमाचल उत्तराखंड के ऊनी उत्पाद व हैंडलूम के विभिन्न उत्पाद, झारखंड के पलाश उत्पाद व प्राकृतिक खाद्य सहित मेले में पूरे भारत की ग्रामीण संस्कृति के विविधता भरे उत्पाद शामिल हैं। हैंडीक्राफ्ट के साथ ही ज्वैलरी और होम डेकोर के प्रोडक्ट्स के रूप में आंध्र प्रदेश की पर्ल ज्वैलरी, वूडन उत्पाद, आसाम का वाटर हायजिनिथ हैंड बैग और योगामैट, बिहार से लाहकी चूड़ी, मधुबनी पेंटिंग और सिक्की क्राफ्ट्स, छत्तीसगढ़ से बेलमेटल प्रोडक्ट्स, मडमिरर वर्क और डोरी वर्क गुजरात से, हरियाणा, का टेरा कोटा, झारखंड की ट्राइबल ज्वैलरी, कर्नाटक का चन्नपटना खिलौना, सबाईग्रास प्रोडक्टस, पटचित्र आनपाल्मलीव ओडिशा, तेलंगाना से लेदर बैग, वाल हैंगिंग और लैंप सेड्स, उत्तर प्रदेश से होम डेकोर, और पश्चिम बंगाल से डोकरा क्राफ्ट, सितल पट्टी और डायवर्सीफाइड प्रोडक्ट्स ये सभी मौजूद हैं।



राजातारा में बह रही श्रीमद्भागवत की रसधार

प्रतापगढ़ ।श्रीमद्भागवत की कथा से वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग प्रशस्त करती है,और जो व्यक्ति स्वयं को भौतिक सुखों से मुक्त कर लेता है उसका मोक्ष सम्भव हो जाता है। यह उद्गार राजातारा गांव में पूर्व प्राचार्य भगवानदीन त्रिपाठी के संयोजन में आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस भागवत मर्मज्ञ आचार्य अरुणेश त्रिपाठी जी महराज ने व्यक्त किया।उन्होंने भगवान श्री हरि के चौबीस अवतारों का सारगर्भित वर्णन करते हुए कहा कि जब जब धरा पर धर्म की हानि होना सुरु हुआ तब तब भगवान हरि ने अवतार लेकर धर्म की स्थापना की।महराज जी सुखदेव जन्म की व्याख्या कर लोगों को भावविभोर कर दिया और कहा कि राजा परीक्षित के कारण ही कलयुग में भागवत श्रवण करने अवसर मानव जाति को प्राप्त हुआ है।कथा पृथ्वी के लोगों को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।कथा व्यास ने कहा कि भागवत के चार अक्षर इसका तात्पर्य यह है कि भा से भक्ति, ग से ज्ञान, व से वैराग्य और त त्याग जो हमारे जीवन में प्रदान करे उसे हम भागवत कहते है।कथा व्यास ने द्वितीय दिवस के विविध प्रसंगों का सरस वर्णन कर श्रोताओं में आध्यात्मिकता का संचार किया। आभार रामकृष्ण तिवारी ने व्यक्त किया। इस मौके पर आचार्य कमलेशपति मिश्र,सोनू महराज अरविंद तिवारी,हरिशंकर मिश्र, नर्मदा प्रसाद शुक्ल,छेदीलाल शुक्ल,श्रीधर शुक्ल, मनोज तिवारी ,भोलानाथ तिवारी आदि मौजूद रहे।

राबर्ट्सगंज नगर स्थित हर्षनगर में श्री सीताराम नाम की पुस्तक गोष्ठी कर किया वितारित

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
सोनभद्र। राबर्ट्सगंज नगर स्थित हर्षनगर में श्री सीताराम नाम की पुस्तक को लेकर मंगलवार को एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें आए हुए लोगो को श्री सीताराम नाम के साथ पुस्तक वितरित करते हुए उनके जीवन पर डाला गया प्रकाश दिया गया एक संदेश।सोनभद के श्री सीताराम नाम बैंक शाखा 108 प्रबंधक रमाकांत शुक्ल ने बताया कि मंगलवार को रावटसगंज नगर स्थित हर्ष नगर बैंक परिसर में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें प्रभु श्री सीताराम नाम बैंक के माध्यम से लेखन जब पुस्तिका को वितरित करते हुए लोगों को प्रेरित किया गया कि उनके द्वारा वहीं सुरेश शुक्ला ने बताया कि विश्व का कोई भी नर नारी बाल वृद्धि और सभी वर्णश्रर्मी अंतरराष्ट्रीय श्री सीताराम नाम बैंक का लेखक करते हुए प्रभु का नाम लेने का एक सरल माध्यम साधन है जिससे कि हमारी भारतीय संस्कृति को जोड़ने का काम किया जा रहा है जिसमें बढ़-चढ़ के लोग भारतीय संस्कृति के साथ हमारे हिंदू धर्म को जगाने का कार्य कर रहे हैं श्री शुक्ल ने बताया कि हम सभी प्रभु राम के ही भक्त हैं हमारे प्रभु राम है जिसका संदेश हर घर तक पहुंचाना हमारा काम है इस मौके पर राजेंद्र प्रताप सिंह, दीनानाथ तिवारी, शिव शंकर मिश्रा ,विनोद पांडे, हर्षित सिंह, पंकज पांडे, वीरेंद्र नाथ शुक्ला ,कमलेश पांडे सहित आंदी लोग मौजूद रहे।

आजाद बलिदान दिवस समारोह पूर्वक संपन्न

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
सोनभद्र। शहीद स्थल प्रबंधन ट्रस्ट करारी सोनभद्र के तत्वावधान में शहीद स्थल पर मंगलवार दोपहर अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस को वंदेमातरम् गीत गायन, झंडा रोहण राष्ट्र गान तथा लोकगीत संध्या के नाम समर्पित रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक रामयश तिवारी ने शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण दीपदान कर वाग्देवी वंदना शिखा आद्या के प्रस्तुतीकरण से शुरू हुआ।चंदौली से पधारे साहित्यकार शिवदास कवि ने अपनी कविता लहर रहा है गगनांगन में गौरव का अभिमान,, हमारा भारत देश महान सुनाकर राष्ट्र जागरण किया। संचालन कर रहे संस्था के निदेशक प्रद्युम्न तिवारी एड ने,,, इलाहाबाद अल्फ्रेड पार्क की आहुति अमर कहानी है। तिरंगे में आभा वीरों की हिंदुस्तानी पानी है सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। दिलीप सिंह दीपक ने,,,,तुम सब कुछ बेच दो लेकिन हिंदुस्तान मत बेचो कौशल्या चौहान ने,,,, मुझको अबला मत समझो मैं झांसी वाली रानी हूं सुनाकर शहीदों को नमन कर नारी सशक्तिकरण की बात किया। लोकगीत संध्या संगीत मय शहीदों को समर्पित रही ।जिसमें भोला जी वादक चंद्रिका यादव गायक वीरसेन विश्व कर्मा सत्यनारायण आचार्य ने एक से बढ़कर एक पारंपरिक लोक गीत सुनाकर वाहवाही बटोरी ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रधान संगीता तिवारी के अलावा ऋषभ शिवम शिव मोचन ठाकुर प्रसाद पुरुषोत्तम कुशवाहा फारुख अली हाशमी त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी बृजकिशोर पांडेय विजय शंकर तिवारी अतुलित धनंजय गनेश आदि रहे आयोजन देर शाम तक चलता रहा।

सदर कोतवाली क्षेत्र के धोबही ग्राम पंचायत के टोला खडेहरी का मामला

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
सोनभद्र। सदर कोतवाली क्षेत्र के धोबही ग्राम पंचायत के टोला खडेहरी निवासी कलयुगी बेटे ने अपने पिता को ही 24 घंटे में जान से मारने की दी धमकी बता दे कि बीती रात बेटा शराब व अन्य सामग्री के सेवन करते हुए घर आया जिसका विरोध कर रहे पिता पर बरस गया वहीं मार्ट-पिता घर गिरस्ती का सामान तोड़ा इसके बाद 24 घंटे में खत्म करने की दे डाली धमकी बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा धोबही ग्राम पंचायत के टोला खडेहरी निवासी रामकृष्ण ने बताया कि बीती रात मेरा बेटा शराब के नशे में धुत होकर घर आया जिसका मेरे द्वारा विरोध किया गया तो वह मारने पीटने लगा और घर गृहस्ती का समान तोड़ने लगा जिस पर आसपास के लोग भी एकत्रित हो गए इसी दौरान उसके नशे के विरोध में आपका होते हुए कहा कि अब तुम भाग जाओ नहीं तो 24 घंटे में तुम्हें खत्म कर दूंगा यह सुन पिता असम रह गए वहीं आसपास के लोगों ने पिता को समझ कर अपने साथ ले गए सुबह पिता ने कोतवाली में एप्लीकेशन लेकर लगाई न्याय की गुहार पिता रामकृष्ण ने बताया कि मेरा बेटा अक्षय कुमार उर्फ प्रदीप हीरोइन गज शराब का सेवन कर रहा है क्षेत्र में काफी तेजी से बिक रहा है जिसको लेकर बार-बार विरोध किया गया मारपीट गाड़ी क्लोज कर मामला शांत हो जाता था वही इस बार बेटे ने जान से ही करने की धमकी दे डाली जिससे हम डरे हुए हैं महोदय से गुहार लगाकर मामले में कार्रवाई करते हुए नेता लाने की गुहार लगाई।

अधिवक्ता की पिटाई करने वालें दोषी पुलिसकर्मियों को तत्काल निलंबित करें सरकार--राकेश शरण

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
सोनभद्र। विगत दिनों प्रयागराज उच्च न्यायालय के अधिवक्ता मकसूद खान को पुलिस द्वारा उनके घर से उठाकर थाने ले जाकर पिटाई करने से प्रदेश के अधिवक्ताओं में गहरा आक्रोश व्याप्त है। अधिवक्ता मकसूद खां के पिटाई की घटना की जानकारी मिलने पर संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने इस संबंध में प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित पुलिस के उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कड़ी कारवाई करते हुए तत्काल निलंबन की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि प्रदेश में आए दिन कभी अपराधियों द्वारा तो कभी पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर हमले होते रहते हैं जो बहुत ही कष्टप्रद है। श्री मिश्र ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू करने की मांग करते हुए लिखा है कि यदि दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध आप द्वारा जल्द दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो प्रदेश के अधिवक्ताओं को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार की होगी।

ग्रामीणों को रोजगार तथा युवाओं को शिक्षा में मार्ग दर्शन करना प्रबन्धन का प्रमुख उद्देश्य

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
अनपरा (सोनभद्र)। हिण्डालको रेणुसागर पावर डिवीजन रेणुसागर के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा अतिथि गृह में स्नेह मिलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रेणुसागर पावर डिवीजन के यूनिट हेड आर पी सिंह, ने स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा व रोजगार बढ़ाने सम्बन्धी हुनर एवं जीविकोपार्जन जैसे विन्दुओ पर सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के तहत ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किए जाने वाले कार्यो पर नगर पंचायत, ग्राम प्रधानों एवं गणमान्य व्यक्तियों के साथ विचार विमर्श कर ग्रामीणों के उत्थान के लिए रूप रेखा तय की। तथा अपने उद्बोधन में यूनिट हेड ने कहा कि समाज को रोजगार के अवसर तथा युवाओं को शिक्षा में मार्ग दर्शन करना प्रबन्धन का प्रमुख उद्देश्य है। मुख्य अतिथि ने कहा सीएसआर के तहत ग्रामीणों के जीवनस्तर को ऊँचा उठाने के लिए ग्रामीण स्तर पर शिक्षा का प्रसार एवं प्रचार करना अति आवश्यक है, शिक्षा एंव रोजगार हेतु आस-पास के युवाओं के लिए रेणुसागर प्रबंधन द्वारा स्थापित

ङ्खलक्ष्य लाइब्रेरीङ्ग रामबाण साबित होगा। उन्होंने ग्रामीणान्चल क्षेत्र में गिरते जलस्तर को गम्भीरता से लेते हुए आवश्यक सहयोग देने की बात कही।साथ ही साथ नवयुवको के विकास के लिए विभिन्न पहलुओ पर ग्रामीण प्रतिनिधियो के साथ विचार किया गया।इसके पूर्व मानव संसाधन प्रमुख शैलेश विक्रम सिंह ने अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि आपसी भाईचारे की भावना से ही हम एक सौहार्द्रपूर्ण वातावरण विकसित कर विकास की ओर आगे बढ़ सकते हैं। स्नेह मिलन में उपस्थित अनपरा नगर पंचायत अध्यक्ष विश्राम बैशवार,अजय पाण्डेय, राम सिंह, मुन्ना जायसवाल सहित बॉसी ,कुलडोमरी, मकरा, व रणहोर के ग्राम प्रधानों व गणमान्य व्यक्तियों द्वारा ग्राम पंचायत मे निवास कर रहे ग्रामीणो का जीवन स्तर उठाने के लिए अपने-अपने सुझाव दिये साथ ही ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित किये गये इस कार्यक्रम का भूरि भूरि प्रसंशा की।

वेतन वृद्धि की मांग को लेकर स्वच्छताग्राही कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
सोनभद्र। कलेक्ट परसों में ग्रामीण स्वच्छता ग्राही कर्मचारी संघ बैनर तले कर्मचारियों ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन करते हुए बुलंद की आवाज जिला अध्यक्ष रियासत अली के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सोपा गया वहीं अध्यक्ष ने बताया कि शासन द्वारा किये गये तमाम प्रयासों एवं निर्देशों के अनुसार प्रदेश में नियुक्त ग्रामीण स्वच्छताग्राहियों द्वारा सौंपे गये दायित्वों के पूर्णतया निर्वहन के उपरान्त भी अद्यतन उन्हें उनके जीवन योग्य कम से कम रु0 15,000/-या रु0 18,000/- जिसका आश्वासन / एवं घोषणा मुख्यमंत्री अपनी सीतापुर (नैमिषारण में) की गयी मीटिंग/जनसभा में बीते साल - 01.10.2023 (स्वच्छता दिवस) के अवसर पर दैनिक कर्मचारी को भुगतान की जाने वाली प्रोत्साहन धनराशि का भुगतान कम से कम गुजारा होने योग्य बताया गया था, तदानुरूप स्वच्छताग्राही कर्मचारियों का पारिश्रमिक कराने हेतु आदेश करने के सम्बध में। महोदय,निवेदन है कि पूर्व से ही प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड में निहीत प्रत्येक न्याय पंचायत में निहीत ग्राम पंचायत में एक स्वच्छताग्राही की सफाई कार्य हेतु जिम्मेदारी दी गयी थी और उसमें नियुक्ति स्वच्छताग्राही सौपे गये अपने दायीत्यवो का निर्वाहन तत्परता से कर रहा है, परन्तु उसका दैनिक पारिश्रमीक एक न्युनतम के निचले स्तर पर है एवं उसका समय पर भुगतान भी नही किया जाता है, और विगत काफी दिनों से उसका भुगतान सम्बंधित विभागों द्वारा नही किया जा रहा है। ऐसी स्थिती में उसके परिवार का जीवन-यापन कराने में असुविधाओं का समना करना पड़ रहा है। अपने अपनी नैमिशारण में हुई दिनांक-01.10.2023 की मिटींग में यह कहा गया था कि ऐसे कर्मचारियों को जो दैनिक पारिश्रमिक पर कार्य कर रहे है।

दिव्यांग शौचालय निर्माण में रूचि न लेने पर दो ग्राम पंचायत अधिकारी वेतन हुआ अवरूद्ध

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
सोनभद्र। विशाल सिंह जिला पंचायत ने बताया कि राज अधिकारी,अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, सोनभद्र द्वारा प्रस्तुत आख्या सोमवार को अवगत कराया गया है कि बीते दिनों-22.02 को विकास खण्ड-चतरा मुख्यालय पर उपस्थित होकर विद्यालय कायाकल्प से सम्बन्धित बिन्दुओं पर सचिववार समीक्षा किया गया। दिव्यांग शौचालय की प्रगति की समीक्षा में यह तथ्य प्रकाश में आया कि दिनेश कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी से सम्बन्धित समस्त ग्राम पंचायतों में मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश के क्रम में 32 दिव्यांग शौचालय निर्मित कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके सापेक्ष मात्र 08 दिव्यांग शौचालयों की पूर्णता का डिजिटल डायरी समीक्षा के समय प्रस्तुत किया गया, 11 दिव्यांग शौचालय निर्माणाधीन एवं 13 दिव्यांग शौचालय अनारम्भ पाये गये। इसी प्रकार दीपक कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी से सम्बन्धित समस्त ग्राम पंचायतों में मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश के क्रम में 29 दिव्यांग शौचालय निर्मित कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके सापेक्ष मात्र 07 दिव्यांग शौचालयों की पूर्णता का डिजिटल डायरी समीक्षा के समय प्रस्तुत किया गया, 13 दिव्यांग शौचालय निर्माणाधीन एवं 09 दिव्यांग शौचालय अनारम्भ पाये गये,

केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव जी का जताया आभार

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
मीरजापुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देश भर के 554 रेलवे स्टेशन एवं 1500 रेलवे ब्रिज और अंडरपास का शिलान्यास किया। इसी क्रम में मीरजापुर जनपद में , 124.11 करोड़ की लागत से निर्मित मीरजापुर रेलवे स्टेशन और चुनार स्टेशन के अलावा तीन रेलवे ओवर ब्रिज एवं रेलवे अंडर पास का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को संबोधित किया। इन परियोजनाओं के उद्घाटन अवसर पर अनुप्रिया पटेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि आज पूरे देश के लिए एक यादगार अवसर है और हमारे जनपद के लिए भी बहुत ही खास अवसर है। प्रधानमंत्री के कर कमलों द्वारा 41000 करोड़ की लागत से निर्मित 554 और 1500 रेलवे आरओबी और अंडरपास का शिलान्यास किया है और इस सूची में हमारे अपने जनपद मिर्जापुर के अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत तीन रेलवे स्टेशन सम्मिलित हुए है, इनमें विंध्याचल, मिर्जापुर और चुनार सम्मिलित हुए हैं। पूरे देश के अंदर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1318 स्टेशन चिन्हित हुए हैं, जिसमें उत्तर प्रदेश के 55 स्टेशन हैं और हमारे अपने

जनपद के तीन प्रमुख स्टेशन हैं। पिछले वर्ष अगस्त महीने में प्रधानमंत्री ने पहले चरण में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 508 रेलवे स्टेशन का देश भर में शिलान्यास किया था, जिसमें हमारा विंध्याचल स्टेशन शामिल था, दो स्टेशन हमारे बाकी थे मिर्जापुर और चुनार। आज 554 स्टेशनों में जनपद के दो स्टेशन मिर्जापुर और चुनार एवं तीन रेलवे ओवर ब्रिज व अंडर पास का उद्घाटन किया गया। उन्होंने कहा कि लगभग 34.25 करोड़ की लागत से और चुनार स्टेशन को 19.9 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे स्टेशन का उच्चीकरण किया जायेगा और इसके साथ ही 70.77 करोड़ की लागत से निर्मित तीन रेलवे ओवरब्रिज एवं अंडरपास का लोकार्पण किया गया है। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि इतने बड़े विकास की सौगात आज हमारे जनपद को मिल रही है। ये अंडरपास व ओवर ब्रिज ग्राम करहट तहसील चुनार, ग्राम देवही तहसील सदर एवं तीसरा ग्राम बिरोही तहसील सदर में निर्मित किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्ल्ड क्लास के स्तर पर विकसित हो रहे इन रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की दृष्टि से और रेल संचालन की दृष्टि से सभी कार्य किए जाएंगे, इसके साथ ही उच्च स्तरीय प्लेटफार्म भी बनाए जाएंगे, दिव्यांग जनों के आवागमनकी सुगमता हेतु प्रबंध किए जाएंग।



विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
मिर्जापुर। दिनांक 26.02.2024 को थाना ड्रमण्डगंज क्षेत्रांतर्गत ग्राम मड़वा धनावल निवासिनी साधना शुक्ला पत्नी दीपक शुक्ला निवासिनी मड़वा धनावल थाना ड्रमण्डगंज जनपद मीरजापुर उम्र करीब 22 वर्ष की अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने की सूचना प्राप्त हुई । प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस उच्चाधिकारी व थाना प्रभारी ड्रमण्डगंज मय पुलिस बल द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतका के शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । मौके पर शांति एवं कानून व्यवस्था सम्बन्धित कोई समस्या नही है ।

भाजपा सरकार में यूपी में बेरोजगारी दर निरंतर बढ़ती जा रहीं है

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
सोनभद्र। आम आदमी पार्टी ने आज जिला कलेक्ट्रेट लोढ़ी सोनभद्र में राज्यपाल को संबोधित यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले की जाँच के सन्दर्भ में ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। जिलाध्यक्ष रमेश गौतम ने कहा एक ओर जहाँ यूपी में बेरोजगारी दर निरंतर बढ़ती जा रहीं हैं, तो वहीँ दूसरी ओर बमुश्किल निकल रहीं भर्तीओं के परीक्षाओं के पेपर भी लीक हों जाते हैं, साथ ही नकल माफिया भी सक्रिय हों जाते हैं।ताज़ा मामला यूपी पुलिस भर्ती का हैं। 17 और 18 फ़रवरी को हुए भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हों गया और कड़ी मेहनत कर परीक्षा की तैयारी करने वाले लाखों परीक्षार्थियों के मेहनत पर पानी फिर जाता हैं। लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में युवाओं के जोरदार विरोध - प्रदर्शन के दबाव में सरकार परीक्षा रद्द करती हैं। जिला महासचिव विमलेश पटेल ने कहा सवाल उठना वाज़िब हैं कि सरकार के लापरवाही या भ्रष्टाचार के कारण लगातार पेपर लीक हों रहें हैं और प्रतिभाओं के साथ अन्याय हों रहा हैं।जिला संरक्षक राम जी मौर्या ने कहा इस प्रकार के आपराधिक कृत्य की जिम्मेदारी सरकार को लेना चाहिए दोषियों को सजा दिया जाना नितांत आवश्यक हैं।वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राम आसरे पटेल ने कहा शिक्षा विरोधी है योगी सरकार! उत्तर प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था दयनीय है, किसी तरह युवा पढ़ लिखकर नौकरी पाने का प्रयास करता है। सरकार के सुस्त निगरानी से बार बार पेपर लीक हो जा रहा है।आम आदमी पार्टी सोनभद्र आपके माध्यम से मांग करती हैं :यूपी पुलिस भर्ती समीक्षा अधिकारी परीक्षा में हुए पेपर लीक मामले पर उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में आम आदमी पार्टी तीन सूत्रीय मांग:1) यू पी पुलिस भर्ती और समीक्षा अधिकार ारीक्षा पेपर लीक की हाई कोर्ट की निगरानी में जांच कराई जाए 32) पेपर लीक करने वाले सभी दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए त् 3) यू पी पुलिस भर्ती की परीक्षा को 01 माह के भीतर कराया जाए 4) प्रदेश सरकार सुनिश्चित करें कि भविष्य में कोई पेपर लीक ना हों ।आज के कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष कुलदीप अग्रवाल व श्रीकांत त्रिपाठी,केवल कुशवाहा,देवेंद्र पांडे,समीर खान,राकेश भारती यूथ प्रदेश उपाध्यक्ष,बेबी सिंह,गोविंद चौबे, शमशान,मानिक चंद कनौजिया,संजू देवी आदि शामिल रहे।

फ्रेमवर्क तथा स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर एस ओ पी की दी जानकारा

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
सोनभद्र। सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी के अध्यक्षता में मासिक समन्वय बैठक एवं एसओपी प्रशिक्षण

का आयोजन मा0 उच्च न्यायालय प्रयागराज द्वारा क्रिमिनल बैल एप्लीकेशन संख्या 46998/2020 जुनैद बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य , पारित आदेश दिनांकित 9.7 2021 के क्रम में पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के आदेश के अनुक्रम में पारित गाइडलाइन व दिशा निर्देशों के प्रशिक्षण हेतु मीटिंग का आयोजन पुलिस लाइन चुर्क सभागार सोनभद्र में किया गया। प्रशिक्षण मीटिंग में डीजी परिपत्र के तहत पास्को एक्ट 2012 में अभियुक्तों द्वारा प्रस्तुत जमानत प्रार्थना पत्र पर इंस्ट्रक्शंस उपलब्ध कराने हेतु 10 दिवस की टाइमलाइन के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा समय सीमा के अंदर उपलब्ध कराने हेतु फ्रेमवर्क तथा स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एस ओ पी) का अनुपालन कराए जाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई । तथा बालकों के विरुद्ध अपराध व उनके देखरेख एवं संरक्षण के संबंध में मानक संचालन प्रक्रिया आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया गया ।साथ ही यह भी बताया गया कि लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के तहत दर्ज अभियोगों की सूचना 24 घंटे के भीतर सीडब्ल्यूसी को उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है, साथ ही अधिनियम नियमावली 2020 के अंतर्गत प्रारूप ए एवं प्ररूप बी में सूचना भी उपलब्ध कराना अनिवार्य है। उक्त के प्रशिक्षण हेतु जनपद स्तर पर सत्र आयोजित करते हुए प्रशिक्षण का आयोजन कराया गया। प्रशिक्षण में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन महोदय द्वारा उक्त बिंदुओ पर जानकारी दी गई। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अखिल नारायण देव पाण्डेय एवं सदस्य अमित चन्देल द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन जिला बाल संरक्षण इकाई से ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे द्वारा किया गया।प्रशिक्षण में प्रभारी निरीक्षक ऍफ़ळ रामजी यादव , अध्यक्ष एवं सदस्य सीडब्ल्यूसी , जिला बाल संरक्षण इकाई , प्रभारी वन स्टाप सेन्टर,चाइल्ड हेल्प लाइन यूनिट टीम सोनभद्र के अतिरिक्त शिक्षा विभाग से लोगो ने एवं समस्त थानों के बाल कल्याण अधिकारियों व महिला अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

रोहित शर्मा ने कप्तानी में तोड़ा राहुल द्रविड़ का रिकॉर्ड इस मामले में एमएस धोनी की कर ली बराबरी

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
नई दिल्ली। भारतीय टीम ने सोमवार को इंग्लैंड को पांच मैचों की सीरीज के चौथे टेस्ट में 5 विकेट से पटखनी दी। भारतीय टीम ने लगातार तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को हराया और सीरीज अपने कब्जे में की। भारत ने मौजूदा सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना रखी है।भारत ने इंग्लैंड को चौथे टेस्ट में पांच विकेट से हराया। इस जीत के साथ ही रोहित शर्मा ने बतौर भारतीय कप्तान सबसे ज्यादा टेस्ट जीत के मामले में राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ा। रोहित शर्मा भारतीय टेस्ट इतिहास में संयुक्त रूप से पांचवें सबसे सफल कप्तान बन गए हैं। रोहित शर्मा ने एक खास मामले में पूर्व कप्तान एमएस धोनी के रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली है।भारत ने इंग्लैंड को चौथे टेस्ट में पांच विकेट से हराया। इस जीत के साथ ही रोहित शर्मा ने बतौर भारतीय कप्तान सबसे ज्यादा टेस्ट जीत के मामले में राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ा। रोहित शर्मा भारतीय टेस्ट इतिहास में संयुक्त रूप से पांचवें सबसे सफल कप्तान बन गए हैं। रोहित शर्मा ने एक खास मामले में पूर्व कप्तान एमएस धोनी के रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली है।भारत ने इंग्लैंड को चौथे टेस्ट में पांच विकेट से हराया। इस जीत के साथ ही रोहित शर्मा ने बतौर

भारतीय कप्तान सबसे ज्यादा टेस्ट जीत के मामले में राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ा। रोहित शर्मा भारतीय टेस्ट इतिहास में संयुक्त रूप से पांचवें सबसे सफल कप्तान बन गए हैं। रोहित शर्मा ने एक खास मामले में पूर्व कप्तान एमएस धोनी के रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली है।रोहित शर्मा के पास भारत के सबसे सफल पांचवें कप्तान अकेले बनने का शानदार मौका है। इसके लिए उन्हें जरुरत होगी कि इंग्लैंड को धर्मशाला में खेले जाने वाले पांचवें व अंतिम टेस्ट में पटखनी दे। भारतीय टीम अगर पांचवें टेस्ट में इंग्लैंड को मात देने में कामयाब हो जाएगी तो रोहित शर्मा के नेतृत्व में यह 10वीं जीत होगी और वो अकेले पांचवें सबसे सफल भारतीय टेस्ट कप्तान बन जाएंगे।बहरहाल, रोहित शर्मा ने एक खास मामले में पूर्व कप्तान एमएस धोनी के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ लगातार तीन टेस्ट जीते, जैसे कि धोनी, मोहम्मद अजहरुद्दीन और अजित वाडेकर अपने कप्तानी के दिनों में कर चुके हैं।

सूर्यकुमार यादव का हेल्थ तस्वीर मचा रहा बवाल आईपीएल2024 से पहले बल्लेबाज को लेकर मिलने लगे हैं ऐसे संकेत

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
नई दिल्ली। भारतीय टीम के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल 2024 से पहले अपनी इंजरी पर एक बड़ा अपडेट दिया है। सोशल मीडिया पर सूर्या ने एक वीडियो शेयर की है, जिसमें वह मैदान पर वापसी के लिए कड़ी मेहनत करते हुए नजर आ रहे हैं।सूर्यकुमार यादव ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर की जिसमें उन्होंने कैप्शन में लिखा कि रिकवरी प्रोसेस ऑन प्वाइंट। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि सूर्या सर्जरी के बाद ठीक से चल तक नहीं पा रहे लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और लगातार कोशिश करते हुए धीरे-धीरे अपनी स्पीड पकड़ी और अब वह रिकवर हो रहे हैं।दिसंबर 2023 में सूर्यकुमार को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टखने पर चोट लगी थी, जिसके बाद उन्होंने हर्निया की सर्जरी भी कराई। वह इसके बाद से मैदान से बाहर चल रहे हैं। इस बीच उन्होंने जो वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की है, वह फैंस को खूब पसंद आ रही

हैं।दरअसल, सूर्यकुमार यादव ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर की, जिसमें उन्होंने कैप्शन में लिखा कि रिकवरी प्रोसेस ऑन प्वाइंट। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि सूर्या सर्जरी के बाद ठीक से चल तक नहीं पा रहे, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और लगातार कोशिश करते हुए धीरे-धीरे अपनी स्पीड पकड़ी। एनसीए में उन्होंने तगड़ी ट्रेनिंग करते हुए सुर्खियां बटोर ली हैं। सूर्या आईपीएल 2024 में खेलने के लिए जमकर पसीना बहा रहे हैं।बता दें कि सूर्या की हर्निया की सर्जरी 17 जनवरी को जर्मनी में हुई। यह दूसरी बार रहा, जब सूर्यकुमार यादव को एंकल इंजरी से जूझना पड़ा। भारत बनाम साउथ अफ्रीका की टी20 सीरीज में उन्हें चोट लगी थी। इसके बाद उन्होंने अपनी सर्जरी कराई, जिसके बाद उन्होंने एक ट्वीट कर कहा था कि मैं सभी को धन्यवाद कहता हूं, जिन्होंने मेरी अच्छी हेल्थ की कामना की और मैं यह बताते हुए खुश हूं कि मैं जल्द ही वापसी करूंगा।

विराट कोहली अपनी बेटी वामिका के साथ लंदन में लंच करते हुए स्पॉट

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
नई दिल्ली। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और उनकी वाइफ अनुष्का शर्मा हाल ही में दूसरी बार माता-पिता बने है। अनुष्का ने बेटे 'अकाय' को जन्म दिया। इस वजह से किंग कोहली

भारतीय टीम के साथ मौजूद नहीं हैं। वह अपनी फैमिली के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड कर रहे हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर विराट और उनकी बेटी वामिका की तस्वीरें तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैविराट कोहली और उनकी बेटी वामिका को लंदन के एक रेस्टोरेंट में लंच करते हुए देखा गया। किंग कोहली अपने परिवार वालों को प्राथमकिता देने के लिए इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं खेल रहे। वह अपने परिवार के साथ क्वालिटी टाइम स्पैंड करते हुए अकसर नजर आते है। वामिका के साथ किंग कोहली की लंच की तस्वीरें हर किसी को पसंद आ रही है।दरअसल, विराट कोहली और उनकी बेटी वामिका (ई्र्स्ीि) को लंदन के एक रेस्टोरेंट में हाल ही में लंच करते हुए देखा गया। किंग कोहली अपने परिवार वालों को प्राथमकिता देने के लिए इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं खेल रहे। वह अपने परिवार के साथ क्वालिटी टाइम स्पैंड करते हुए अकसर नजर आते है। एक बार फिर से वामिका के साथ किंग कोहली की लंच की तस्वीरों ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया हैं।वायरल तस्वीरों में देखा जा सकता है कि वामिका अपने पिता विराट के साथ खाना खा रही है, लेकिन इस दौरान उनकी शक्ल तो नहीं दिख रही। तस्वीर में वामिका की पीठ दिख रही है, लेकिन यह साफ है कि ये वामिका ही है। बता दें कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और वामिका की तस्वीरें लोगों को भी पसंद आ रही है। कुछ फैंस का कहना है कि यह तो जूनियर अनुष्का ही है, जबकि कुछ यूजर्स का कहना है कि दोनों की कितनी खूबसूरत तस्वीरें हैं।अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने अपने बच्चे अकाय का दुनिया में स्वागत किया।

सुनील गावस्कर ने मजाक किया या बताई सच्चाई

स्पोर्ट्स डेस्क, नई दिल्ली। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को लेकर हाल ही में पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने एक चौंकाने वाला बयान दिया। पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने

आशंका जताई है कि विराट कोहली आईपीएल 2024 से भी बाहर हो सकते हैं। बता दें कि विराट कोहली पर्सनल कारणों के चलते इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हुए है। ऐसे में गावस्कर ने किंग कोहली के आईपीएल 2024 खेलने को लेकर एक बड़ी भविष्यवाणी कर दी हैभारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को लेकर हाल ही में पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने एक चौंकाने वाला बयान दिया। पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने आशंका जताई है कि विराट कोहली आईपीएल 2024 से भी बाहर हो सकते हैं। बता दें कि विराट कोहली पर्सनल कारणों के चलते इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हुए है।दरअसल, आईपीएल 2024 का आगाज 22 मार्च से होना है, जहां पहला मैच चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के बीच चेन्नई में खेला जाएगा। इस मैच से पहले मौजूदा कमेंटेटर सुनील गावस्कर ने यह कहकर सबको चौंका दिया कि विराट कोहली आईपीएल 2024 में भी नहीं खेल सकते हैं। यह बयान उन्होंने तब दिया जब स्टार स्पोर्ट्स पर रांची के आईआईएम छात्रों से वह बात कर रहे थे।बता दें कि विराट कोहली निजी कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए थे। इसके बाद बीसीसीआई ने कहा था कि उनके फैसले का सम्मान किया जाना चाहिए। हालांकि, गावस्कर के इस बयान से यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि शायद कोहली अपने निजी जीवन पर ही ध्यान देना चाहते हैं

टीम इंडिया के लिए खेलना कोई मजाक नहीं जिन खिलाड़ियों में है भूख

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
नई दिल्ली। भारती टीम ने चौथे टेस्ट में इंग्लैंड को पांच विकेट से धूल चटाई और घरेलू सरजमीं पर लगातार 17वीं टेस्ट सीरीज जीत ली। इस जीत के साथ ही भारत ने 3-1 से सीरीज पर अजेय बढ़त बना ली। सरफराज, ध्रुव और यशस्वी और आकाश दीप जैसे युवा खिलाड़ियों ने इस जीत में अहम भूमिका निभाई।भारती टीम ने चौथे टेस्ट में इंग्लैंड को पांच विकेट से धूल चटाई और घरेलू सरजमीं पर लगातार 17वीं टेस्ट सीरीज जीत ली। इस जीत के साथ ही भारत ने 3-1 से सीरीज पर अजेय बढ़त बना ली। सरफराज ध्रुव और यशस्वी और आकाश दीप जैसे युवा खिलाड़ियों ने इस जीत में अहम भूमिका निभाई। इस जीत के बाद कप्तान रोहित काफी खुश नजर आए।चौथे दिन के खेल में जहां एक पल को भारत के हाथों मैच फिसलता नजर आ रहा था, तो वहीं, ध्रुव-गिल ने शानदार साझेदारी निभाते हुए टीम इंडिया को जीत दिलाई। इस जीत के बाद रोहित शर्मा काफी खुश दिखे, लेकिन उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक बयान से बिना कोई नाम लिए ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को चेताया।दरअसल, चौथे टेस्ट में शानदार जीत के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा (ंदपू र्ऐ्स) ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट सबसे कठिन प्रारूप है और यदि आप इस प्रारूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना चाहते हैं तो आपको इस प्रारूप में खेलने की भूख होना आवश्यक है। यह बहुत महत्वपूर्ण है। हम केवल उन खिलाड़ियों को अवसर देंगे, जिनमें यह भूख है। आप उन खिलाडियों को आसानी से जान सकते हैं, जिनके पास यह भूख नहीं है। रोहित ने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन ये श्रेयस अय्यर और ईशान किशन जैसे खिलाड़ियों के लिए चेतावनी है, जिन्होंने रणजी ट्राफी में नहीं खेलने का निर्णय किया था।

हनुमा विहारी को लेकर और गहराया विवाद, आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन ने खोला बड़ा राज

स्पोर्ट्स डेस्क, नई दिल्ली। रणजी ट्रॉफी 2024 अपने अंतिम पढ़ाव पर पहुंच गया है। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में आंध्र प्रदेश की टीम को मध्य प्रदेश के हाथों करीबी हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद आंध्र टीम का सफर खत्म हो गया। इस बीच टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज हनुमा विहारी ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया।हनुमा विहारी कप्तानी विवाद के बाद आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन ने अपने बयान में कहा कि रिपोर्ट किए गए मुद्दे को संबोधित करते हुए यह हमारे ध्यान में आया है कि हनुमा विहारी ने बंगाल रणजी खेल के दौरान सबके सामने एक खिलाड़ी को अपशब्द शब्द कहे थे जिसको लेकर उस खिलाड़ी ने एसीए में एक आधिकारिक शिकायत दर्ज की थी।उन्होंने आंध्र टीम पर गंभीर आरोप लगाए और पोस्ट कर यह लिखा कि वह कभी भी आंध्र टीम के लिए नहीं खेलेंगे। इस कड़ी में अब आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन ने एक बड़ा राज खोला है। अब यह मामला दिन-प-दिन और गहरा होता नजर आ रहा है।दरअसल, हनुमा विहारी कप्तानी विवाद के बाद आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन ने अपने बयान में कहा कि रिपोर्ट किए गए मुद्दे को संबोधित करते हुए, यह हमारे ध्यान में आया है कि हनुमा विहारी ने बंगाल रणजी खेल के दौरान सबके सामने एक खिलाड़ी को अपशब्द शब्द कहे थे ,जिसको लेकर

उस खिलाड़ी ने एसीए में एक आधिकारिक शिकायत दर्ज की थी।हाल ही में हनुमा विहारी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर लिखा कि इस पोस्ट के जरिए मैं कुछ तथ्य लोगों के सामने रखना चाहता हूं। बंगाल के खिलाफ पहले मैच में मैं कप्तान था। उस मैच के दौरान 17वें खिलाड़ी पर चिल्लाया और उसने अपने पिता (जो एक राजनेता है) उनसे शिकायत की। बदले में उसके पिता ने संघ को मेरे खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा।हनुमा ने आगे कहा था कि हमारी टीम ने पिछले साल फाइनल तक का सफर तय किया था, लेकिन मुझे बिना किसी गलते के कप्तानी से इस्तीफा देने के लिए कहा गया मुझे इससे बहुत बुरा लगा। मैं निजी तौर पर प्लेयर को कुछ नहीं कहा, पर एसोसिशन को पिछले साल अपनी जी-जान लगाने वाले खिलाड़ी, आंध्र को पिछले 7 सालों में 5 बार नॉकआउट में पहुंचाने वाले प्लेयर और भारत के लिए 16 टेस्ट मैच खेल चुके खिलाड़ी से ज्यादा महत्वपूर्ण वो प्लेयर लगा।

22 साल के बल्लेबाज ने जड़ा टी 20आई का सबसे तेज शतक उरिकॉड्र्स बुक हुई तितर-बितर

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
नई दिल्ली। नेपाल ट्राई नेशन टी20आई सीरीज का आगाज आज से हो गया है, जहां पहला मैच नामीबिया और नेपाल के बीच किर्तीपुर में खेला जा रहा है। इस

मैच में नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नामिबिया की टीम की शुरुआत धमाकेदार रही। नामीबिया की टीम की तरफ से मलन करुगर और जान निकोल लॉफ्टी ईटन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को एक मजबूती दिलाई।नेपाल ट्राई नेशन टी20आई सीरीज का आगाज आज से हो गया है जहां पहला मैच नामीबिया और नेपाल के बीच किर्तीपुर में खेला जा रहा है। इस मैच में नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नामिबिया की टीम की शुरुआत धमाकेदार रही। नामीबिया की टीम की तरफ जान निकोल लॉफ्टी ईटन ने तूफानी शतक जमाया।यान निकोल लॉफ्टी ईटन ने टी20 का सबसे तेज शतक जड़ दिया। उन्होंने 33 गेंदों का सामना करते हुए तूफानी शतक जमाया। इस शतक के बाद टी20 क्रिकेट की रिकॉर्ड बुक तितर-बितर हुई।दरअसल, नेपाल के कुशल मल्ला ने मंगोलिया के खिलाफ एशियन गेम्स 2023 में 34 गेंदों में टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट का सबसे तेज शतक जमाया था, लेकिन अब यह शतक यान निकोल लॉफ्टी ईटन ने तोड़ डाला है। निकोल लॉफ्टी ईटन ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट की सबसे तेज सेंचुरी जमाई। 33 गेंदों का सामना करते हुए यान ने शतक जड़कर टी20 क्रिकेट का इतिहास ही पलट डाला।कुशल मल्ला के बाद तीसरे नंबर पर डेविड मिलर का नाम है, जिन्होंने साल 2017 में 35 गेंदों पर यह कारनामा किया था।

भारत ने बैजबॉल स्टाइल को किया तबाह बेन स्टोक्स की कप्तानी का घमंड चकनाचूर

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
नई दिल्ली। रोहित शर्मा ने बेन

स्टोक्स को कप्तान के रूप में पहली टेस्ट सीरीज शिकस्त थमाई। भारत ने रांची में बैजबॉल स्टाइल की धज्जियां उड़ा दी। भारत ने रांची में इंग्लैंड को पांच विकेट से मात देकर मौजूदा सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बनाई।भारतीय टीम ने बेन स्टोक्स को इंग्लैंड के कप्तान के रूप में पहली टेस्ट सीरीज हार थमाई। भारतीय टीम ने रांची में बैजबॉल की लोकप्रियता का खात्मा किया। रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली टीम इंडिया ने रांची में इंग्लैंड को पांच विकेट से पटखनी दी और मौजूदा सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बनाई। भारत ने घर में 17वीं टेस्ट सीरीज जीती।

मैदान पर वापसी करते ही छाए हार्दिक पांड्या गेंद से किया धांसू प्रदर्शन, टी-20 मैच में टीम को दिलाई धमाकेदार जीत

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
नई दिल्ली। इंजरी से उबरने के

बाद हार्दिक पांड्या ने धमाकेदार अंदाज में मैदान पर वापसी की है। वर्ल्ड कप 2023 में चोटिल होने के बाद मैदान पर लौटे हार्दिक ने गेंद से शानदार प्रदर्शन करते हुए दो विकेट अपने नाम किया। हार्दिक ने अपनी गेंदबाजी के दम पर टीम को जीत दिलाई।वर्ल्ड कप 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ चोटिल होने वाले हार्दिक पांड्या लगभग चार महीने बाद मैदान पर लौटे। हार्दिक डीवाई पाटिल टी-20 कप 2024 में मैदान पर उतरे। रिलायंस 1 की ओर से खेलते हुए हार्दिक ने गेंद से धांसू प्रदर्शन किया और 3 ओवर के स्पेल में 22 रन खर्च करते हुए दो विकेट झटके। हालांकि हार्दिक को बल्ले से जौहर दिखाने का ज्यादा मौका नहीं मिला।हार्दिक की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले दो ओवर में उन्होंने 21 रन लुटाए। हालांकि, इसके बाद तीसरे ओवर में हार्दिक ने सिर्फ एक रन खर्च किया और राहुल त्रिपाठी और एकनाथ को चलता किया। हार्दिक की गेंदबाजी के दम पर रिलायंस टीम बीपीसीएल को 126 पर समेटने में सफल रही।हालांकि, हार्दिक पांड्या को बल्लेबाजी में अपने जौहर दिखाने का ज्यादा मौका नहीं मिला। हार्दिक जब बल्ला थामकर मैदान पर उतरे, तो टीम को सिर्फ 12 रन की जरूरत थी। हार्दिक ने 4 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 3 रन बनाए। रिलायंस ने 127 रन के लक्ष्य को 5 ओवर शेष रहते हुए महज 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी।

इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के

मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी

सप्ताह के शुरूआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना

सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में

इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में

नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों

इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें।

नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।

परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव

मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

पवन नेगी ने मचाया बल्ले से कोहराम, बेकार गई क्रिस गेल की आतिशी

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
नई दिल्ली। वीवीआईपी उत्तर प्रदेश के लिए पवन नेगी ने इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग के पहले सीजन में अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखा है। उन्होंने सोमवार को पहले मैच में तेलंगाना टाइगर्स के खिलाफ 56 गेंदों पर 139 रन की धुआंधार पारी खेली और टीम को 45 रन से शानदार जीत दिलाई। सोमवार को टूर्नामेंट का छठा मुकाबला ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेला गया।पहले बल्लेबाजी करने उतरी वीवीआईपी उत्तर प्रदेश को भानु सेठ के रूप में शुरुआती झटका लगा। इसकी बाद अंशुल कपूर और पवन नेगी ने 182 रन की शानदार पार्टनरशिप की। कपूर ने 45 गेंद पर ताबड़तोड़ 71 रन बनाए और नेगी ने अपनी ताबड़तोड़ पारी में 16 चौके और 8 छक्के लगाए। गेल की आतिशी पारी के बावजूद तेलंगाना की टीम लक्ष्य को हासिल

नहीं कर सकी।इस मैच पर सभी की नजरें थीं क्योंकि इसमें दुनिया के यूनिवर्स बॉस क्रिस गेल ने आईवीपीएल में पहली बार एंट्री मारी। उनका फैंस ने जोरदार स्वागत किया। गेल ने अपने ही अंदाज में बल्लेबाजी की और 46 गेंद पर ताबड़तोड़ 94 रन ठोके। इस पारी के दौरान उन्होंने तीन चौके और 10 छक्के लगाए।

पिछले 22 साल में जो कोई नहीं कर सका वो ध्रुव जुरैल ने कर दिखाया

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
नई दिल्ली। रांची में ध्रुव जुरैल अपनी बल्लेबाजी से हर किसी का दिल ले गए। मुश्किल परिस्थिति

में ध्रुव पहली इनिंग में टीम इंडिया के लिए संकटमोचक साबित हुए। ध्रुव ने कुलदीप यादव के साथ मिलकर अहम साझेदारी निभाई, जिसके दम पर भारतीय टीम मैच में वापसी कर सकीचौथे टेस्ट की दोनों पारियों में शानदार बल्लेबाजी करने का इनाम ध्रुव जुरैल को मिला। ध्रुव को रांची टेस्ट में मैन ऑफ द मैच चुना गया। डेब्यू सीरीज में ध्रुव पिछले 22 साल में मैन ऑफ द मैच चुने जाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर हैं। पहली पारी में विकेटकीपर बल्लेबाज ने 90 रन की दमदार पारी खेली तो दूसरी इनिंग में भी ध्रुव 39 रन बनाकर नाबाद रहे।पहली पारी में विकेटकीपर बल्लेबाज ने 90 रन की दमदार पारी खेली, तो दूसरी इनिंग में भी ध्रुव 39 रन बनाकर नाबाद रहे। ध्रुव रांची टेस्ट में वो कारनामा कर गए हैं, जो पिछले 22 साल में कोई भी विकेटकीपर बल्लेबाज नहीं कर सका है।चौथे टेस्ट की दोनों पारियों में शानदार बल्लेबाजी करने का इनाम ध्रुव जुरैल को मिला। ध्रुव को रांची टेस्ट में मैन ऑफ द मैच चुना गया। डेब्यू सीरीज में ध्रुव पिछले 22 साल में मैन ऑफ द मैच चुने जाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर हैं। ध्रुव से पहले साल 2002 में भारत के लिए यह कारनामा अजय रात्रा ने किया था। अजय ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी डेब्यू सीरीज के चौथे टेस्ट मैच में मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड जीता था।

सम्पादकीय

खामोश हो गई आम आदमी के दिल को सुकून देने वाली आवाज

एक दौर था जब 'चिट्ठी आई है' जैसी गजल गाकर पंकज उधास ने बेशुमार लोकप्रियता कमाई और वे उस दौर में रेडियो के माध्यम से हर घर में गूंजने वाली आवाज बन गए।पद्मश्री पंकज उधास हिंदुस्तानी संगीत में गजल की वो आवाज रहे, जिन्होंने गजल की जटिल परंपरा से बाहर निकाल कर उसे हर आदमी तक पहुंचाया। पंकज उधास ने न केवल गली-मोहल्लों, चौक-चौराहों, छोटी जगह के लोगों के दिलों को गजल के सुकून से

परिचित कराया, बल्कि आम आदमी के दुख-दर्द को पहचानने वाली आवाज भी बने।एक दौर था जब 'चिट्ठी आई है' जैसी गजल गाकर पंकज उधास ने बेशुमार लोकप्रियता कमाई और वे उस दौर में रेडियो के माध्यम से हर घर में गूंजने वाली आवाज बन गए। पंकज उधास देश-परदेस में रहने वाले और अपने देश को छोड़कर काम काज करने वाले व्यक्ति के दर्द की आवाज थे। आज पंकज उधास हमारे बीच नहीं रहे, लेकिन उनकी आवाज हमेशा हमारे दिलों पर राज करती रहेगी। लेजेंडरी सिंगर पंकज उधास ने 72 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। इस बात की खबर पंकज की बेटी नायाब उधास ने एक पोस्ट के जरिए साझा की है, जिसमें उन्होंने लिखा- 'बहुत दुख के साथ हमें बताना पड़ रहा है कि पद्मश्री पंकज उधास का 26 फरवरी 2024 को निधन हो गया है। वह लंबे समय से बीमार थे और उम्र संबंधी बीमारियों का सामना कर रहे थे।' इस खबर के बाद संगीत जगत में शोक की लहर छा गई है। पंकज जैसे गायक का इस तरह दुनिया छोड़कर चले जाना उनके फैंस को गमगीन कर गया है। सोशल मीडिया पर लोग नम आंखों के साथ पंकज उधास को श्रद्धांजलि दे रहे हैं।कैसे शुरू हुआ म्यूजिकल करियर?पंकज उधास के संगीत के सफर की शुरुआत 6 साल की उम्र से ही हो गई थी। उनके घर शुरू से ही संगीत का माहौल था, पंकज उधास को संगीत विरासत में मिला था। यही वजह है कि संगीत की दुनिया में कदम रखने के बाद वह हमेशा के लिए उसी के होकर रह गए। उन्हें संगीत का पहला एक्सपोजर स्कूल में प्रार्थना करने से मिला और ये सफर इतना आगे बढ़ता चला गया कि आज उनके निधन के बाद भी लोग उनकी आवाज को दिल से लगाकर रखे हुए हैं। पंकज उधास का पहला एल्बम 'आहट' 1980 में आया था, जिसमें उन्होंने कई गजलें गाई थीं। वहीं आम आदमी के दिलों में बसने वाले उनके कुछ मशहूर गानों की बात करें तो 'जिएं तो जिएं कैसे बिन आपके...', 'चांदी जैसा रंग है तेरा, 'चिट्ठी आई है...,' ना कजरे की धार, ना मोतियों के हार...', सोने जैसे बाल...', जैसे कई गाने शामिल हैं। भावना की डोर-गजल संगीत का वो जोनर है जो हर दिल को कहीं न कहीं छेड़ने की ताकत रखता है। ऐसे में इसकी गायकी करना लोगों के दिलों को छेड़ने से कम नहीं माना जाता है। इसे यूं कहा जसकता है कि गजल गाने वाले गायकों के हाथ में लोगों की भावनाओं की एक डोर होती है। यदि इसे कम या ज्यादा छेड़ दिया जाए तो काम खराब हो सकता है, इसलिए गजल गायकों के कंधों पर एक बड़ी जिम्मेदारी होती है, जिसे पंकज उधास ने बखूबी निभाया है।पंकज उधास के गानों में दर्द और जुदाई की टीस ने लोगों की आत्मा को छू लिया। ऐसा भी कहा जा सकता है कि उनकी रुमानी आवाज उनके निजी जीवन की देन थी।

जोमैटो डिलीवरी बॉय का धमाकेदार डांस फोटो वायरल

डिलीवरी बॉय ने डांस के समय जोमैटो टी-शर्ट भी पहनी हुई है। शाहिद कपूर और कृति सेनन की फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' के टाइटल ट्रैक पर डिलीवरी

बॉय डांस कर रहा है।सोशल मीडिया पर हर तरह के वीडियो वायरल होते रहते हैं। इनमें कई वीडियो लोगों के लिए हैरान करने वाले होते हैं, तो कुछ हंसाने वाले होते हैं। इन दिनों सोशल मीडिया पर डांस के वीडियो खूब देखने को मिलते हैं। अब एक ऐसा ही वीडियो फिर सामने आया है और इस पर लोग अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। यह वायरल वीडियो एक डिलीवरी बॉय का है। दरअसल, वह डिलीवरी के दौरान बीच सड़क पर डांस कर रहा है। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में आप देख सकते हैं कि फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो का डिलीवरी बॉय सड़क पर डांस कर रहा है। डिलीवरी बॉय ने डांस के समय जोमैटो टी-शर्ट भी पहनी हुई है। शाहिद कपूर और कृति सेनन की फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' के टाइटल ट्रैक पर डिलीवरी बॉय डांस कर रहा है। जोमैटो डिलीवरी बॉय एक परफेक्ट डांसर की तरह डांस कर रहा है। डिलीवरी बॉय के मस्त होकर डांस कर रहा है। अब यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो को इंस्टाग्राम पर नाम के अकाउंट से पोस्ट किया गया है। अब इसे लाखों लोग देख चुके हैं, जबकि पांच लाख करीब लोगों ने इसे लाइक किया है। इस वीडियो पर लोग जमकर प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है, अरे पर मेरे चिली पोटैटो का क्या हुआ? दूसरे यूजर का कहना है कि अब समझ आया ऑर्डर लेट क्यों आ रहे हैं?

बीते दशक में बैंकिंग और आर्थिक क्षेत्र में कई सुधार; बदलते चेहरे के साथ तेज विकास की संभावना

मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद बैंकिंग और आर्थिक क्षेत्र में कई सुधार किए, जिसके चलते अर्थव्यवस्था में आगे भी तीव्र विकास की संभावना है।वर्ष 1991 से देश में आर्थिक सुधार का शुभारंभ हुआ था, लेकिन इस दिशा में अब तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। 1991 में विदेश व्यापार, कर सुधार, विदेशी निवेश आदि क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अनेक उपाय किए गए, जिनसे भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ने में मदद मिली। मोदी सरकार के 2014 में सत्ता में आने से पहले, यानी 2013 में वर्तमान मूल्य पर भारत की जीडीपी 18 खरब डॉलर और 2007 में लगभग 10 खरब डॉलर थी। इस तरह, 1947 से ठीक 60 वर्षों बाद भारत की जीडीपी 2007 में 10 खरब डॉलर की हुई। आज रियल जीडीपी के हिसाब से भी भारतीय अर्थव्यवस्था 30 खरब डॉलर की हो गई है। 2014 में भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी, जबकि 2019 में, यानी सिर्फ पांच वर्षों के भीतर यह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई।वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में श्वेत पत्र के माध्यम से यूपीए सरकार के कार्यकाल की नाकामियों और मोदी सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियों को आम जनता के समक्ष रखते हुए बताया कि 2014 से पहले देश आर्थिक संकट का सामना कर रहा था, जिसके कारण अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में मोदी सरकार को बहुत ज्यादा मशक्कत करनी पड़ी। इसके जवाब में कांग्रेस ने ब्लैक पेपर पेश किया, जिसमें मोदी सरकार की नाकामियों

का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि भाजपा लोकतंत्र को समाप्त करने का काम कर रही है और इसके कार्यकाल में बेरोजगारी और महंगाई बढ़ी है।अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुसार, भारत की जीडीपी वर्तमान मूल्य पर अभी 37.3 खरब डॉलर की है, जबकि आजादी के समय भारत की जीडीपी 227 अरब डॉलर की थी। मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद बैंकिंग और आर्थिक क्षेत्र में कई सुधार किए, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण है वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का शुभारंभ, बैंकों का आपस में विलय, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पीएम-स्वनिधि योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता कोड (आईबीसी) आदि का आगाज।द इंडियन इकनॉमा ए रिव्यू रिपोर्ट में मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों के सफर को आर्थिक सुधारों के संदर्भ में बहुत ही अहम बताया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025 में नॉमिनल जीडीपी के स प्रतिशत रहने की संभावना है, जबकि वित्त वर्ष 2024 में जीडीपी के 7.3 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ने का अनुमान जताया गया है। यही नहीं, यह संभावना भी जताई गई है कि भारत की जीडीपी 2030 तक सात प्रतिशत की दर से आगे बढ़ सकती है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसऐंडपी ग्लोबल ने भी भारत के वित्तीय क्षेत्र में आई मजबूती और सरकार द्वारा किए गए हालिया संरचनात्मक सुधारों की वजह से सरकार के इस दावे की पुष्टि की है। ऐसे में, 2027 में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 50 खरब डॉलर और 2030 में 70 खरब डॉलर से भी अधिक का हो जाएगा। पीपीपी के मामले में 2023 में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था, जबकि चीन और अमेरिका क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर थे।अस्सी के दशक में पहली बार, वित्त वर्ष 1989-90 में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) सूचकांक ने 1,000 के अंक के स्तर को पार किया था। वर्ष 2006 में बीएसई सूचकांक ने 10,000 अंक के स्तर को पार किया। फिर वित्त वर्ष 2014-15 में यह 30,000 अंक के स्तर को और वित्त वर्ष 2018-19 में 40,000 अंक के स्तर को पार किया। वित्त वर्ष 2023 में रिकॉर्ड 70,000 अंक के स्तर को पार कर गया। निफ्टी सूचकांक भी वर्ष 2023 में रिकॉर्ड 21,000 अंक के स्तर को पार कर गया।भारत में मुद्रास्फीति और बेरोजगारी दर नियंत्रण में है। इसके अलावा, प्रति व्यक्ति आय में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। ऐसे में उम्मीद की जा सकती है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में आगामी वर्षों में भी मजबूती बनी रहेगी। बेशक जीडीपी के अनुपात में सरकारी कर्ज का प्रतिशत अधिक है, लेकिन वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और अन्य कर व गैर-कर राजस्व संग्रह में आ रही तेजी से इसमें आने वाले वर्षों में कुछ कमी आने की संभावना है।

छवियों से ही प्रतीक बनते हैं; चुनाव में राजनेताओं और जन-मन पर दिखेगा दिलचस्प असर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अनेक छवियां एक में सम्मिलित होकर प्रतीक में बदल कर अपना प्रभाव सृजित करती हैं। राहुल गांधी की कई छवियां या तो अभी विकास की प्रक्रिया में हैं या जो विकसित हैं, उनका अभी संघनित सम्मिलन नहीं हो पाया है।भारत में छवियों के अध्ययन का अभी तक कोई सुसंगत शास्त्र विकसित नहीं हो पाया है। इसके लिए शोध प्रविधि एवं इसके प्रभावों के अध्ययन, अंकन एवं मापन का काम सुसंगत

ढंग से अभी होना बाकी है। 'छवियां' मात्र छवियां नहीं होती हैं, वे धीरे-धीरे प्रतीकों में रूपांतरित हो हमारे मानस को गहरे प्रभावित करती हैं। इसी प्रक्रिया में वे जन-मन की 'गोलबंदी' का स्वरूप रचती हैं।भारतीय राजनीति एवं चुनावों के अध्ययन में 'वृत्तांतों' पर बातें तो होती हैं, पर छवियों पर व्यापक चर्चा नहीं होती। लोगों के बयानों के आधार पर 'सेफोलॉजी' चुनावी परिणामों की व्याख्या तो करती रहती है, परंतु इस प्रक्रिया में छवियों के पड़ने वाले प्रभावों का न तो राजनीति-वैज्ञानिक अध्ययन करते हैं, न चुनाव विश्लेषक ज्यादा विचार करते हैं। जबकि मेरा मानना है कि राजनीति में छवियां धीरे-धीरे बनती-बिगड़ती हमारी राजनीतिक कल्पनाशीलता (पॉलिटिकल इमैजिनेशन) को प्रभावित करती हैं। इसी प्रभाव निर्माण की प्रक्रिया में वे किसी नेता, किसी राजनीतिक दल एवं किसी विचार के प्रति मतदाताओं को प्रभावित करती रहती हैं। कई बार छवियां विश्वास या अविश्वास का सृजन कर हमें चुनावी बूथों तक ले जाती हैं। वे हममें मोह रचती हैं एवं अनेक बार मोहभंग भी सृजित करती हैं।मैं पिछले कई वर्षों से राजनीतिक नेताओं की छवियों का राजनीतिक एवं चुनावी गोलबंदी पर पड़ने वाले परिणामों के अध्ययन, चर्चा एवं विमर्श में शामिल रहा हूं। मैं राजनीतिक नेताओं की छवियों के बनने, बिगड़ने, उनमें आने वाले ठहराव एवं गतिकी को समझने की कोशिश करता रहता हूं। पिछले दिनों हमने उत्तर प्रदेश के छोटे शहरों, जिलों एवं कस्बों के 20 से 30 वर्ष के युवाओं के साथ संवाद किया। ये युवा समाज की विभिन्न जातियों एवं वर्गों से थे। इनमें छात्र, छात्राएं, युवक एवं युवतियां, दोनों ही कोटि से जुड़े लोग थे। इनके साथ हुए संवादों से जो कुछ निहितार्थ निकले, वे बहुत रोचक एवं समकालीन राजनीति को समझने में सहायक हो सकते हैं। इन संवादों से यह समझ में आया कि नेताओं की छवियां मंथर गति से बढ़ती या घटती हैं। इनमें अचानक उछाल या गिरावट उनके द्वारा किए गए बड़े कार्यों या घटनाओं से आती है। मैंने इन संवादों के केंद्र में मूलतः दो छवियों-भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं विपक्ष के नेता राहुल गांधी को रखा था।प्रधानमंत्री मोदी की छवियों के वृत्तांतों में उन्हें प्रायः ईमानदार, लोभ-लालच एवं परिवारवाद से मुक्त एवं विकास के लिए समर्पित नेता बताने की प्रवृत्ति दिखी। कई युवा उन्हें देश एवं धर्म के प्रति समर्पित नेता मान रहे थे। यह जानना सबसे रोचक था कि उनमें से कई युवा उन्हें 'युग पुरुष' के रूप में भी देखने लगे हैं। उनका कहना था कि वे एक ऐसे नेता हैं, जो एक पूरे युग को रचने एवं प्रभावित करने वाला काम कर रहे हैं। इन युवाओं के मन में उनकी छवियों के जो वृत्तांत मुझे सुनने को मिले, उनसे दो बातें साफ लगीं। एक तो, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन छवियों में रामजन्मभूमि प्राण-प्रतिष्ठा के बाद बड़ा उछाल आया है। उन्हें लोग 'युग पुरुष' के रूप में देखने एवं कहने लगे हैं। उनकी 'युग पुरुष' की छवि सामान्य युवाओं के मन में रामजन्मभूमि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बाद की उत्पत्ति इसलिए मानी जानी चाहिए कि उसके पहले ऐसा सुनने को नहीं मिलता था। दूसरा, उनकी छवि आज 'राजनीति से परे' (बियोंड पॉलिटिक्स) अपने में सामाजिक, धार्मिक एवं परिवारपन से जुड़ी छवियां शामिल किए हुए है।किसी भी राजनेता की जनछवियों में सकारात्मक एवं नकारात्मक, दोनों ही प्रकार की धारणाएं होती हैं। लेकिन जनता के बयानों में छवियों के संदर्भ में प्रायः सकारात्मक वृत्तांत ज्यादा मिलते हैं। दूसरे, कई बार लोगों में उनके बारे में उदासीनता मिलती है। तीसरे स्तर पर आता है, छवियों की नकारात्मकता का बयान, जिसकी मात्रा या प्रतिशत प्रायः कम ही होता है।राष्ट्रीय नेताओं में 'अन्य छवि' जनता के मन में जिस नेता की बनती-बिगड़ती रहती है-वह हैं कांग्रेस के राहुल गांधी। राहुल गांधी अपने अनेक प्रतिरोधी राजनीतिक प्रयासों से अपनी छवि विकसित करते रहते हैं। उनकी छवियां अभी विकसित होने के क्रम में हैं। वे छवियां अभी प्रतीक में नहीं बदल पाई हैं, जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी की छवियों के साथ हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अनेक छवियां एक में सम्मिलित होकर प्रतीक में बदल कर अपना प्रभाव सृजित करती हैं। राहुल गांधी की कई छवियां या तो अभी विकास की प्रक्रिया में हैं या जो विकसित हैं, उनका अभी संघनित सम्मिलन नहीं हो पाया है।उनकी विद्यमान छवियों एवं युवाओं के एक वर्ग में-उनसे की जाने वाली अपेक्षाओं में अंतर्विरोध देखने को मिलता है। कई युवा उनके 'एंग्री यंग मैन' की छवि से सहमत नहीं दिखे। उन्हें अपेक्षा है कि उनकी छवि राजीव गांधी जैसी सौम्यता वाली हो। मनमोहन सिंह की सरकार के वक्त बिल फाड़ने की घटना का जिक्र करते कई युवा मिले। उनकी छवि निर्माण के सलाहकार शायद यह सोचते हों कि भारतीय युवाओं को गुस्सा पसंद होता है। वे ऐसा सोचकर यह समझने में गलती करते हैं कि भारतीय मानस की आकांक्षा समाहार की होती है, टकराव की नहीं। भारत जोड़ो यात्रा से विपक्ष की राजनीति के प्रतीकात्मक नेतृत्व के रूप में राहुल गांधी की छवियों का विकास एवं विस्तार तो हुआ है, किंतु उन बहुल छवियों को एकीकृत हो एक राजनीतिक प्रतीक में बदलना अभी शेष है। जब तक छवियां प्रतीक में नहीं बदलतीं, वे दीर्घकालिक प्रभाव नहीं छोड़तीं। उनका प्रभाव क्षणिक होता है।आज राजनीतिक नेताओं की छवियों में परिवर्तन की गति तेज है। इसका प्रमुख कारण है-साइबर स्पेस, मीडिया-वैकल्पिक मीडिया, सोशल साइट्स का विकास एवं विस्तार। भारतीय युवा मानस चूंकि इस 'संचार नेटवर्क' का सबसे बड़ा उपभोक्ता है, अतः उसके मानस में छवियों के परिवर्तन की गति ज्यादा तीव्र होती है। राजनीतिक नेताओं की बनती-बिगड़ती छवियां हर बार की तरह इस बार भी भारतीय चुनावों को प्रभावित करेंगी। देखना है, इस बार इनका प्रभाव कैसा होता है एवं किस प्रकार वे चुनाव परिणामों में परिवर्तन ला पाती हैं।

स्मृति शेष पंकज उधास विरासत के संगीत ने रच दिया था अपने हिस्से का इतिहास

चिट्ठी आई है... गजल से रातोंरात देश-दुनिया में प्रसिद्धी के शिखर पर पहुंचे पंकज उधास आज भले हमारे बीच में नहीं हैं, लेकिन उनकी रुमानी आवाज सदैव संगीत प्रेमियों के कानों में गूंजती रहेगी। पंकज उधास ने पांच दशक तक संगीत प्रेमियों के दिलों पर राज किया।चिट्ठी आई है... गजल से रातों-रात देश-दुनिया में प्रसिद्धी के शिखर पर पहुंचे पंकज उधास आज भले हमारे बीच में नहीं हैं, लेकिन उनकी रुमानी आवाज सदैव संगीत प्रेमियों के कानों में गूंजती रहेगी। पंकज उधास ने पांच दशक तक संगीत प्रेमियों के दिलों पर राज किया। जब पंकज उधास मात्र 19 वर्ष के थे, तब उन्होंने फिल्मों में गाना शुरू कर दिया था। उन्होंने अपना पहला गाना बप्पी लहरी, लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल, आनंद-मिलिंद, अनु मलिक जैसे संगीतकारों के साथ लंबे समय तक काम किया।पंकज उधास को बेगम अख्तर और मेहंदी हसन प्रेरित करते थे, लेकिन वो रॉक बैंड बीटल्स और अमेरिका सिंगर वाइटने हॉस्टन के भी बहुत बड़े फैन थे। पंकज उधास का बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान से भी जुड़ा एक किस्सा प्रसिद्ध है। शाहरुख खान ने पंकज उधास के एक कार्यक्रम में द्वारपाल बनकर 50 रुपए की पहली कमाई की थी, जिससे वो ट्रेन से आगरा तक गए थे।गुजरात के जेतपुर कस्बे में 17 मई 1951 को जन्मे पंकज उधास ने 'आप जिनके करीब होते हैं', 'चांदी जैसा रंग है तेरा', 'चिट्ठी आई है', 'एक तरफ उसका घर एक तरफ

महान गायक किशोर कुमार के साथ वर्ष 1970 में आई फिल्म 'तुम हसीन, मैं जवान' के लिए 'मुन्नी की अम्मा यह तो बता' गाया था।पंकज उधास को संगीत विरासत में मिला था। वैसे तो उनके दादा एक जमींदार और भावनगर के दीवान थे, लेकिन पिता को वाद्ययंत्र इसराज बजाने और मां को गाने का शौक था। केवल पंकज उधास ही नहीं, उनके दोनों बड़े भाई मनहर उधास और निर्जल उधास भी संगीत के क्षेत्र में हैं। अनोखा रहा संगीत का सफर पंकज उधास की संगीत के प्रति रुचि को देखते हुए उन्हें राजकोट की एक संगीत एकेडमी में दाखिला दिलाया गया था। उन्होंने एकेडमी से संगीत की शिक्षा लेने के बाद कई स्टेज शो किए, लेकिन उन्हें ज्यादा प्रसिद्धी गजल गायकी से ही मिली। उनकी पहली गजल एल्बम 'आहत' वर्ष 1980 में रिलीज हुई थी, जिसने लोगों को उनकी गायकी की ओर आकर्षित किया, लेकिन उन्हें असली प्रसिद्धी महेश भट्ट की फिल्म 'नाम', जो 1986 में आई थी, की गजल 'चिट्ठी आई है', से मिली। यह उनके करियर में एक नया मोड़ था। पंकज उधास ने मैकदा', 'न कजरे की धार', 'थोड़ी-थोड़ी पीया करो', 'मोहे आई न जग से लाज' जैसी कई प्रसिद्ध गजलों को अपनी आवाज दी। शोमैन राजकपूर तो चिट्ठी आई है... गजल सुनकर रो तक पड़े थे। संगीत प्रेमियों के दिलों पर राज करने वाले पंकज उधास को वर्ष 2006 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया थापंकज उधास न केवल एक बेहतरीन गजल गायक थे, बल्कि वे एक अच्छे इंसान भी थे। उन्होंने उदित नारायण जैसे कई नवोदित गायकों की बॉलीवुड में पैर जमाने में मदद की। नेकदिल पंकज उधास ओल्ड एज होम्स जैसी संस्थाओं को दान भी दिया करते थे। पंकज उधास जो कैंसर रोगियों की सदैव मदद करते थे, वो पांच-छह महीने पहले स्वयं इस घातक रोग की चपेट में आ गए थे। कैंसर होने के बाद उन्होंने दुनिया से संपर्क काट लिया था। दुःखद बात यह है कि आज की युवा पीढ़ी गजल गायकी पर उतना जोर नहीं दे रही। महान गजल गायक जगजीत सिंह और अब पंकज उधास के निधन के बाद भारत में गजल गायकी में एक खालीपन आ गया है, जिसे भरना आसान नहीं होगा।

संक्षिप्त समाचार

सूरज की रोशनी मिलते ही जागा जापान का मून लैंडर, एजेंसी जाक्सा ने बताया चमत्कार

टोक्यो। जापान के पहले मून लैंडर ने पृथ्वी से एक संकेत का जवाब दिया है। इससे पता चलता है कि यह सप्ताह भर की दूसरी चंद्र रात से बच गया है। यह जानकारी देते हुए जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जाक्सा ने इसे चमत्कार बताया। गत 20 जनवरी को जापान के मानव रहित स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग (एसएलआईएम) ने 20 जनवरी

को चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की थी। इसके साथ ही जापान चांद पर पहुंचने वाला पांचवां देश बन गया। जाक्सा ने बताया कि एसएलआईएम गत माह गलत दिशा में गिर गया था और इसके सौर पैनलों तक सूरज की रोशनी नहीं पहुंच पा रही थी। हालांकि, सूरज की रोशनी मिलते ही लैंडिंग के आठवें दिन एसएलआईएम से संपर्क हो गया। जाक्सा ने कहा कि चंद्रमा पर दोपहर होने के कारण एसएलआईएम का तापमान तकरीबन 100 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। इस कारण रविवार को संपर्क बहुत छोटा रहा। जाक्सा एसएलआईएम के ठंडा होने पर उससे दोबारा संपर्क करने की तैयारी में है। एजेंसी ने कहा कि एसएलआईएम को चंद्रमा की ठंडी रातों के हिसाब से डिजाइन नहीं किया गया था। चंद्रमा पर तापमान शून्य से 170 डिग्री सेल्सियस (शून्य से 274 डिग्री फारेनहाइट) तक गिर जाता है। जापान के पहले मून लैंडर ने पृथ्वी से एक संकेत का जवाब दिया है। इससे पता चलता है कि यह सप्ताह भर की दूसरी चंद्र रात से बच गया है। यह जानकारी देते हुए जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जाक्सा ने इसे चमत्कार बताया। गत 20 जनवरी को जापान के मानव रहित स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग (एसएलआईएम) ने 20 जनवरी को चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की थी।

आम जनता कब कर सकेंगे अबु धाबी के हिंदू मंदिर के दर्शन 29 फरवरी तक वीआईपी और विदेशी श्रद्धालुओं की होगी एंट्री

आबू धाबी। अबू धाबी में पहला हिंदू मंदिर 1 मार्च से जनता के लिए खोला जाएगा। बता दें कि इस महीने की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मंदिर

का उद्घाटन किया था। लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से इस मंदिर का निर्माण बोचासनवासी श्री अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) द्वारा अबू मुरीखा में किया गया अबू धाबी में पहला हिंदू मंदिर 1 मार्च से जनता के लिए खोला जाएगा। 15 से 29 फरवरी तक पहले से पंजीकरण कराने वाले विदेशी श्रद्धालुओं या वीआईपी मेहमानों को मंदिर में दर्शन की अनुमति दी गई थी।अब मंदिर 1 मार्च से सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगा। मंदिर हर सोमवार को बंद रहेगा। इसकी जानकारी मंदिर के एक प्रवक्ता ने दी है भव्य मंदिर का उद्घाटन 14 फरवरी को एक समर्पण समारोह के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने किया था, जिसमें 5,000 से अधिक आमंत्रित लोग शामिल हुए थे। 15 से 29 फरवरी तक पहले से पंजीकरण कराने वाले विदेशी श्रद्धालुओं या वीआईपी मेहमानों को मंदिर में दर्शन की अनुमति दी गई थी। अब मंदिर 1 मार्च से सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगा। मंदिर हर सोमवार को बंद रहेगा। इसकी जानकारी मंदिर के एक प्रवक्ता ने दी है ।

साफ सफाई पर दिन विशेष ध्यान सफाई नायक

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

सोनभद्र। 30प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव

का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में आज सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्कम में सोमवार को जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 5, नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 2, नगर पंचायत ओबरा में 1, नगर पंचायत रेनुकूट में 2, नगर पंचायत पिपरी में 2, नगर पंचायत दुद्धी में 1, नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 5, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 23 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई पेयजल व मार्ग प्रकाश से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। विजय कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी/नोडल अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है। इस मौके पर जेई मनीष कुमार ,सुजीत कुमार, विमलेश, संत

शिविर में 181 मरीज का हुआ निशुल्क जांच दी गई दवाएं

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

सोनभद्र। लायंस क्लब राबर्ट्सगंज द्वारा निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन प्रत्येक माह की 26 तारीख को लायंस भवन में श्रीसदगुरु नेत्र चिकित्सालय,चित्रकूट के सहयोग से आयोजित किया जाता है, कैम्प लायंस भवन में होता है,इस बार सोमवार को डॉ0संतोष यादव,मैनेजर हेमराज यादव के नेतृत्व में आई टीम ने मोतियाबिंद को संपन्न कराएं। 68 मरीजों को निःशुल्क चश्मा दिया गया,दवा दी गई। जिसमें 31 जनवरी 2024 तक 280 मोतियाबिंद के मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन हो चुका हैं, 795 मरीजों की जांच हो चुका है। निरीक्षण,दवा और चश्मा वितरण हुआ। किशोरी सिंह ने कहा कि आज के आयोजन में 84 मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन के लिए चित्रकूट भेजा गया,हरीश अग्रवाल,विमल

के ऑपरेशन के लिए 84 मरीज चित्रकूट गए। पूर्व मंडलाध्यक्ष हरीश अग्रवाल,मंडल सचिव किशोरी सिंह, सचिव विमल अग्रवाल,दया सिंह,मुकेश जायसवाल,श्याम बाबू आदि सदस्य उपस्थित रहकर कार्यक्रम अग्रवाल,किशोरी सिंह,दया सिंह ने संयुक्तरुप से कहा कि यह पुनीत कार्य लायंस क्लब द्वारा कई वर्षों से किया जा रहा है, निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में आज तक हुए सभी ऑपरेशन शत-प्रतिशत सफल रहे ।

शक्ति वंदन स्वयं सहायता समूह एवं एनजीवो सम्पर्क एनजीवो सम्मेलन सम्पन्न

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र महिला मोर्चा द्वारा आयोजित शक्ति वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह एवं एनजीवो सम्पर्क तथा एनजीवो सम्मेलन स्वामी विवेकानन्द प्रेक्षागृह राबर्ट्सगंज मे सम्पन्न हुआ जिसमे बतौर मुख्यअतिथि राज्यसभा सांसद रामशकल जी व विशिष्ठ अतिथि के रुप जिला प्रभारी अनिल सिंह जी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल मौजूद रहे। बैठक का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर किया।बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि रामशकल जी ने कहा कि देशभर में चलाए जा रहे शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत हम स्वयं सहायता समूह और एनजीओ द्वारा दी गई योजनाओं के बारे में अवगत करा रहे हैं। जिसमें मुख्य रूप से सिलाई, बुनाई, कढ़ाई, मंगोड़ी बनाना, पापड़ बनाना आदि कार्य सिखाए जाते हैं, अंत्योदय हमारा अंतिम लक्ष्य है। हमारी सरकार वसुधैव कुटुम्बकम के मंत्र पर आगे बढ़ रही है और इसको साकार करने की दृष्टि से यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने आसपास के व्यक्तियों को किस तरह सहारा देते हैं? यही हमारी संस्कृति की विशेषता भी है।विशिष्ठ अतिथि जिला प्रभारी

अनिल सिंह ने कहा कि अंत्योदय और गरीब कल्याण के लक्ष्यों को हासिल करने में महिला स्व सहायता समूहों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी महिला सशक्तीकरण के माध्यम से इन लक्ष्यों को हासिल करना चाहती है, साथ ही साथ एनजीवो द्वारा भी समाज के हर क्षेत्र मे अंतिम पायदान पर खडे व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने व उनके सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रहे है इसलिए आज सरकार द्वारा सभी एनजीवो व स्वयं सहायता समूहों को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है।भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी ने कहा कि स्व सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का पवित्र काम हो रहा है, ये समूह बहनों के जीवन में उजाला ला रहे हैं, और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार तो बहनों के जीवन को बदलने के लिए काम कर ही रहे हैं, आज जो स्व सहायता समूह बहनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए छोटे-छोटे प्रयास कर रहे हैं, कल वो फैक्ट्रियों के संचालन जैसे बड़े काम भी करेंगे। लेकिन हमें षडयंत्रों और दुष्प्रचार से सतर्क रहकर काम करना है। कई ताकतें हमें भटकाना चाहती हैं, बहनों के विकास में रोड़े अटकाना चाहती हैं, हमें लड़ाना और फूट डालना चाहती हैं।

स्वर्ण पत्र से अलंकृत होगा मां विंध्यवासिनी गर्भगृह

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

विन्ध्याचल (मीरजापुर) । मां विंध्यवासिनी का गर्भगृह स्वर्णपत्र से अलंकृत किया जायेगा । मुम्बई में निवास करने वाले एक प्लास्टिक कारोबारी संजय सिंह जो मूलतः भदोही जनपद के ऊंज थाना में स्थित रघुरामपुर के निवासी है । अपने पिता रामशिरोमणि सिंह व माता कुसुम सिंह की प्रेरणा से यह कार्य करने जा रहे है । विन्ध्य विकास परिषद की माध्यम से इस कार्य को संपादित किया जायेगा । इस संबंध में सोमवार को डीएम ने अपने कार्यालय में परिषद सदस्यों एवं दानदाता के साथ बैठक की । बैठक के पश्चात परिषद के सचिव नगर मजिस्ट्रेट लालबहादुर , पीडब्लूडी के जेई प्रवीण कुमार व परिषद के सदस्यों का दल मां विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचा जहां दानदाता के प्रतिनिधियों के साथ गर्भगृह में पहुंचकर स्वर्णपत्र जड़ित होने वाले स्थान का माप लिया । उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया की मां के एक भक्त द्वारा साढ़े तीन से 04 किलो सोना तथा 40-50 किलो चांदी जिसका लागत मूल्य लगभग चार करोड़ रुपया है । मां के गर्भगृह में विग्रह के समीप वर्षो पुराना लगा चांदी का दरबार हुआ है उसे हटाकर स्वर्ण जड़ित दरबार लगाया जाएगा । निर्माण में लगभग डेढ़ महीने का समय लगेगा । आगामी 15 दिवस में निर्माण प्रक्रिया आरंभ हो जायेगी ।

मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर माह जनवरी की रैंकिंग में मण्डल के तीनो जनपद विभिन्न 32 योजनाओं में मिला ए प्लस श्रेणी

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

मीरजापुर। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 ने मा0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड वाले विकास कार्यो, कानून व्यवस्था, एवं बैठक में उप पुलिस महानिरीक्षक आर0पी0 सिंह, जिलाधिकारी मीरजापुर प्रियंका निरंजन, सोनभद्र चन्द्र विजय सिंह, भदोही गौरांग राठी, पुलिस अधीक्षक मीरजापुर

कर करेत्तर, राजस्व वसूली व वादो के निस्तारण के प्रत्येक बिन्दुओ के प्रगति कार्य की समीक्षा आयुक्त कार्यालय सभागार में उप पुलिस महानिरीक्षक व तीनो जनपदो के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी व सभी मण्डलीय अधिकारियों के साथ बैठक कर जानकारी प्राप्त की। समीक्षा बैठक में माह जनवरी 2024 के प्रगति की समीक्षा में मा0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर शासन द्वारा की गयी रैंकिंग में मण्डल के तीनो जनपद 32 विकास योजनाओं में ए प्लस श्रेणी उपलब्धी हालिस की हैं। अभिनन्दन, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, पुलिस अधीक्षक भदोही मीनाक्षी कात्यान, मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर विशाल कुमार, सोनभद्र सौरभ गंगवार, भदोही यशवंत कुमार, अपर आयुक्त डॉ विश्राम, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, अपर जिलाधिकारी सोनभद्र, अपर जिलाधिकारी भदोही के अलावा सभी विभागो के मण्डलीय अधिकारी उपस्थित रहें।बैठक में मण्डलायुक्त द्वारा विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा बेसिक शिक्षा विभाग के तीनो जनपदो के कार्य प्रणाली में बार-बार चेतावनी देने के बाद भी कोई सुधार परिलक्षित न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होने कहा कि मण्डलीय व जनपदीय अधिकारी अपने अधीनस्थो की मानिटरिंग कर कार्य प्रणाली में सुधार लाये केवल दण्ड देने की अपेक्षा मानटिरिंग कर कार्य में प्रगति लाना बेहतर उपाय है परन्तु बार-बार मानिटरिंग करने एवं चेतावनी देने के बावजूद भी यदि किसी के कार्य में सुधार नही आता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त द्वारा विद्युत विभाग में उपभोक्ताओं में गलत बिल भेजने तथा कतिपय स्थानो पर यह शिकायत प्राप्त होने पर कि एजेंसी द्वारा मीटर लगा दिया गया परन्तु बिना विद्युत कनेक्शन किये ही सम्बन्धित के घर बिल भेजा जा रहा है आदि शिकायतों के दृष्टिगत मण्डलायुक्त ने अधीक्षण अभियन्ता को कड़ी चेतावनी देते हुये कहा कि अपने अधीनस्थो की मानिटरिंग करते हुये कार्य प्रणाली में सुधार लाये अन्यथा कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार अपर आयुक्त स्वास्थ्य व उप निदेशक बेसिक शिक्षा को भी कार्य में सुधार लाने की हिदायत दी गयी। मण्डलायुक्त ने कहा कि बेसिक शिक्षा अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि स्कूलो में अध्यापक प्रतिदिन जा रहे है अनुपस्थित होने वाले अध्यापको के विरूद्ध निलम्बन की

नेक मंशा के साथ सरकार द्वारा लायी गयी इस योजना का उद्देश्य पूर्ण रूप से सफल

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

मीरजापुर। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का वृहद कार्यक्रम (मेगा इवेन्ट के रूप में) परेड ग्राउण्ड चुनार, मीरजापुर में

आयोजित कराया गया, जिसमें जनपद के विभिन्न विकास खण्ड के कुल 205 जोड़ों का सामूहिक विवाह सकुशल सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि मा0 केन्द्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल, जिला अध्यक्ष अपना दल एस इंजीनियर रामलौटन जिलाध्यक्ष अपना दल (एस0), श्री मेघनाथ सिंह राष्ट्रीय सचिव अपना दल, श्री जगदीश सिंह चेयर मैन जिला सहकारी बैंक, श्री अनिल सिंह प्रदेश उपाध्याक्ष अपना दल, श्री चन्द्र प्रकाश सिंह ब्लाक प्रमुख नरायनपुर, श्री अरूणेश सिंह प्रदेश सचिव अपना दल, श्री पप्पू पटेल प्रदेश सचिव अपना दल, श्री आलोक पटेल मण्डल अध्यक्ष अपना दल, श्री पवनेश सिंह जिला उपाध्यक्ष अपना दल, श्री इन्द्रजीत पटेल मण्डल अध्यक्ष अपना दल, श्री इन्द्रजीत सिंह प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अपना दल, श्री गोपालदास शर्मा जिला उपाध्यक्ष अपना दल एवं अपर जिलाधिकारी (भू0/रा0), मीरजापुर, जिला विकास अधिकारी, डी0सी0एन0 आर0एल0एम0, उप जिलाधिकारी चुनार, खण्ड विकास अधिकारी नरायनपुर, सीखड़, राजगढ़, मझवां व पहाड़ी तथा अधिशासी अधिकारी नगरपालिका चुनार, मीरजापुर एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी मीरजापुर उपस्थित रहकर नव दम्पतियों को अपना आशीर्वाद प्रदान कर उनके सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की मुख्य अतिथि मा0 केन्द्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने अपने सम्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार आर्थिक रूप से गरीब परिवारों के उत्थान एवं विकास हेतु प्रतिबद्ध है एवं सरकार द्वारा आर्थिक रूप से गरीब परिवारों, बेसहरा व्यक्तियों के बहुत सी कल्याणकारी योजनायें चलायी जा रही है।

पंजाब, राजस्थान में 16 स्थानों पर छापेमारी की, 6 लोग हिरासत में लिए गए

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने देश में आतंकवादी-अपराधी गठजोड़ को खत्म करने

के लिए मंगलवार को पंजाब और राजस्थान में कई स्थानों पर छापेमारी की और छह लोगों को हिरासत में लिया। यह जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने दी।राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने देश में आतंकवादी-अपराधी गठजोड़ को खत्म करने के लिए मंगलवार को पंजाब और राजस्थान में कई स्थानों पर छापेमारी की और छह लोगों को हिरासत में लिया। यह जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने दी। एनआईए अधिकारी ने कहा कि आतंकवादी-अपराधी सांठगांठ से संबंधित एक मामले में चल रही जांच के तहत पंजाब में 14 और राजस्थान में दो स्थानों पर तलाशी अभी भी जारी है।संघीय एजेंसी के अधिकारी ने कहा कि आतंकवादी-अपराधी सांठगांठ से संबंधित एक मामले में चल रही जांच के तहत पंजाब में 14 और राजस्थान में दो स्थानों पर तलाशी अभी भी जारी है।

केरल, तमिलनाडु और महाराष्ट्र के दो दिवसीय दौरे पर प्रधानमंत्री मोदी

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को केरल, तमिलनाडु और

महाराष्ट्र की दो दिवसीय यात्रा पर जा रहे हैं। प्रधानमंत्री कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज केरल तमिलनाडु और महाराष्ट्र के दो दिवसीय दौरे पर रवाना हो चुके हैं। वो तिरुवनंतपुरम में विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र का दौरा करेंगे। इसके अलावा पीएम आज केरल में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। वे 28 फरवरी को महाराष्ट्र के यवतमाल में आयोजित एक समारोह के दौरान किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के तहत 21000 करोड़ रुपये से अधिक की 16वीं किस्त जारी करेंगे।पीएम मोदी अपनी यात्रा की शुरुआत केरल से करेंगे। वो सबसे पहले केरल के तिरुवनंतपुरम में विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र का दौरा करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री गगनयान मिशन की अभी तक हुई प्रगति का समीक्षा करेंगे।

'मैंने कुछ कहा, कोई इशारा किया बीजेपी में जाने के सवाल

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले पिछले कई दिनों से अटकलें लगाई जा रही थी कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। हालांकि, इस पर कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने विराम लगाते हुए कहा कि यह महज अफवाह है, लेकिन अब खुद कमलनाथ का बयान सामने आया है।कांग्रेस के पुराने नेता कमलनाथ और उनके बेटे नकुलनाथ के बागी होने की अटकलें काफी समय तक चलती रही हैं। हालांकि कई कांग्रेस नेताओं ने इसको अफवाह बताते हुए दरकिनार करने की कोशिश की लेकिन अब खुद पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने इस पर बयान देकर अटकलों पर विराम लगा दिया है। उन्होंने कहा कि क्या आपने मेरे मुंह से कभी सुना है या मैंने इशारा किया है दरअसल, अटकलों के बीच कमलनाथ ने बीजेपी जॉइन करने के सवालों पर सवालिया लहजे में ही जवाब देते हुए कहा कि क्या कभी मेरे मुंह से सुना कि मैं कहीं जा रहा हूं।खुद पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का बयान सामने आया है।

गगनयान मिशन के लिए अंतरिक्ष में जाएंगे ये चार एस्ट्रोनॉट्स

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

तिरुवनंतपुरम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल के तिरुवनंतपुरम में मौजूद इसरो के विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने इस सेंटर से ट्राइसोनिक विंड टनल प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया।पीएम मोदी ने आज गगनयान मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के नाम

की घोषणा की। यह भारत का पहला ऐसा अंतरिक्ष मिशन होगा जिसमें अंतरिक्ष यात्रियों को कुछ समय के लिए निम्न कक्षा में अंतरिक्ष ले जाया जाएगा। गगनयान मिशन को 2025 में लॉन्च किया जाएगा और इसके तहत दो से तीन अंतरिक्ष यात्रियों को 400 किलोमीटर की निम्न कक्षा में अंतरिक्ष में भेजा जाएगा।पीएम मोदी ने इसरो चीफ एस सोमनाथ के साथ मिशन गगनयान मिशन का रिव्यू भी किया। इसी के साथ पीएम ने गगनयान मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों (एस्ट्रोनॉट्स) के नाम की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गगनयान मिशन में शामिल चारों एस्ट्रोनॉट्स को एस्ट्रोनॉट विंग्स पहनाए।अंतरिक्ष यात्रियों के नाम के एलान के बाद पीएम मोदी ने कहा, मैं चाहता हूं कि हर कोई हमारे अंतरिक्ष यात्रियों का खड़े होकर अभिनंदन करें।पीएम मोदी ने आगे कहा,हम सभी आज एक ऐतिहासिक सफर के साक्षी बन रहे हैं। अब से कुछ देर पहले देश पहली बार अपने 4 गगनयान यात्रियों से परिचित हुआ। ये सिर्फ 4 नाम और 4 इंसान नहीं हैं, ये 140 करोड़ को स्पेस में ले जाने वाली 4 शक्तियां हैं। 40 वर्ष के बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष में जाने वाला है। लेकिन इस बार टाइम भी हमारा है, काउंटडाउन भी हमारा है और रॉकेट भी हमारा है।इसरो ने इन चार एस्ट्रोनॉट्स की ट्रेनिंग सेशन का एक विडिया भी साझा किया है। चारों एस्ट्रोनॉट्स ने रूस में जाकर ट्रेनिंग ली है।यह भारत का पहला ऐसा अंतरिक्ष मिशन होगा, जिसमें अंतरिक्ष यात्रियों को कुछ समय के लिए निम्न कक्षा में अंतरिक्ष ले जाया जाएगा।

गायत्री से बल, बुद्धि विजय प्राप्त होती है आचार्या विमलेश बंसल दर्शनाचार्या

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

नोएडा। गाजियाबाद केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में गायत्री कैसे वरदात्री विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल से 621वां वेबिनार था। आचार्या

विमलेश बंसल दर्शनाचार्या ने कहा कि वस्तुतः गायत्री मंत्र उस परम साध्य को पाने का एक सबल और सशक्त ऐसा मंत्र साधन है जिससे साधक शब्द अर्थ भाव बना जप करता हुआ ध्यान में सफलता प्राप्त कर परमेश्वर तक पहुंच सकता है।शुद्ध ज्ञान,कर्म का संदेश देता हुआ मंत्र स्तुति प्रार्थना तथा उपासना की त्रयी विद्या से जीवन को सुरक्षा तो प्रदान करता ही है।निर्भयता और स्वच्छता से भी भर देता है ऐसा सुखकर दान ही तो उसका वर है जिसका परमेश्वर दाता है,जिसकी पुष्टि अथर्ववेद के मंत्र स्तुता मया वरदा वेदमाता ने की है जहां इस लोक का तो सुख मिलेगा ही परलोक और ब्रह्मलोक भी मिलेगा। किन्तु साध्य को वरण करने में लक्ष्य में उसका चुनाव निश्चित हो तभी मंत्र फलीभूत हो मिलन में सहायक होगा,इसके लिए यम नियम से व्यवहार की सत्यता शुचिता पवित्रता प्रथम आवश्यक है।आओ हम सब गायत्री मंत्र का जप करते हुए अनेकानेक ज्ञान विज्ञान आयु प्राण प्रजा पशु यश कीर्ति ब्रह्मतेज बल शक्ति भक्ति सुख शांति आनंद इत्यादि वरों को प्राप्त कर मानव तन सार्थक करें।गायत्री मंत्र के जाप से बल बुद्धि की वृद्धि होती है।

लापता लेडीज' की कास्टिंग नहीं थी आसान बजट को लेकर आमीर खान रहते हैं सख्त

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
नई दिल्ली। 'मिस्टर परफेक्शनिस्ट' कहे जाने वाले आमिर खान जब भी किसी फिल्म की अनाउंसमेंट करते हैं, तो उसका क्रेज लोगों में रिलीज तक बना रहता है। स्टोरी को इंट्रेस्टिंग तरीके से दिखाने और बताने का उनका तरीका ही ऐसा है कि वह लोगों के दिलों को छू जाती है। 'लाल सिंह चड्ढा' के बॉक्स ऑफिस फेलियर के बाद आमिर ने एक्टिंग से दूरी बना लेने की घोषणा की थी। वहीं, अब डेढ़ साल बाद वह बतौर प्रोड्यूसर 'लापता लेडीज' से वापसी कर रहे हैं।किरण राव लापता लेडीज से डायरेक्शन के क्षेत्र में वापसी कर रही हैं। इस फिल्म के निर्माताओं में उनके एक्स हसबैंड आमिर खान शामिल हैं। फिल्म रिलीज से ज्यादा दूर नहीं है। ऐसे में मेकर्स ने इसका प्रमोशन शुरू कर दिया है। किरण राव ने हाल ही में खुलासा किया कि मूवी की कास्टिंग उतनी आसान नहीं थी। इसी के साथ उन्होंने कई अन्य खुलासे भी किए।फिल्म के डायरेक्शन की कमान किरण राव ने संभाली है। फिल्म 'धोबी घाट' के बाद किरण ने निर्देशन से दूरी बना ली थी। हालांकि, वह फिल्मों

को प्रोड्यूस जरूर कर रही थीं। अब करीब 13 साल बाद उन्होंने निर्देशन के क्षेत्र में वापसी की है। फिल्म की कास्टिंग से लेकर कहानी तक, 'लापता लेडीज' को लेकर काफी बज बना हुआ है। ये फिल्म दो ऐसे कपल की है, जिनकी अनजाने में अदला-बदली हो जाती है। मगर ये मूवी सिर्फ एंटरटेनमेंट के लिए नहीं लिखी गई, बल्कि यह एक सोशल मैसेज भी देगी। 'लापता लेडीज' में किरण ने महिलाओं की आत्मनिर्भरता, शिक्षा, उनकी पहचान और जैविक खेती जैसे मुद्दों को उठाया है। किरण ने कहा, ''देश में आधी आबादी महिलाओं की है, तो उनकी कहानी बनाना जरूरी है। पिछले 25 वर्षों में इंडस्ट्री काफी बदल गई है। महिलाओं के लिए बहुत जगह हो गई है, लेकिन और जगह बनाना बहुत जरूरी है। सिर्फ औरतों की ही नहीं, सांस्कृतिक रूप से अलग लोगों की कहानी भी हमें पेश करनी चाहिए।''लापता लेडीज' में जामताड़ा- सबका नंबर आएगा वेब सीरीज फेम स्पर्श श्रीवास्तव, टीवी कलाकार नीताशी गोयल और प्रतिभा रांटा लीड में हैं।

मुनव्वर फारूकी के बेटे को पसंद आया पापा का नया गाना 'हल्की हल्की सी

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
नई दिल्ली। मशहूर स्टैंडअप कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी ने बिग

बॉस सीजन 17 जीता है। शो जीतने के बाद मुनव्वर लगातार चर्चा में है। कभी अपने नए प्रोजेक्ट्स को लेकर तो कभी अपनी एक्स गर्लफ्रेंड को लेकर। हाल ही में मुनव्वर फारूकी का नया गाना रिलीज हुआ है, जिसका नाम है 'हल्की हल्की सी' मुनव्वर फारूकी और हिना खान का नया गाना हल्की हल्की सी लोगों को पसंद आ रहा है। ये गाना न सिर्फ मुनव्वर के फैंस को पसंद आ रहा है बल्कि बिग बॉस विनर के बेटे मिकेल को भी पापा का गाना काफी पसंद आया है। मिकेल का एक वीडियो सामने आया है।इस गाने में टीवी एक्ट्रेस हिना खान भी नजर आ रही हैं। ऐसे में सोशल मीडिया पर इस गाने को काफी पसंद किया जा रहा है। ये गाना न सिर्फ मुनव्वर के फैंस को पसंद आ रहा है बल्कि बिग बॉस विनर के बेटे को भी पापा का गाना काफी पसंद आया है।मुनव्वर और उनके बेटे का एक वीडियो 'द खबरी' पेज ने सोशल मीडिया पर साझा किया है, जिसमें बेटा मिकेल पापा के दोस्त की गोद में बैठा नजर आ रहा है। तो वहीं मुनव्वर कार ड्राइव कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने अपना नया गाना बरसात आ गई चलाया हुआ है, जिसे मिकेल भी गाते नजर आ रहे हैं और हल्का-हल्का डांस की करते दिख रहे हैं। बता दें, मुनव्वर और हिना खान ने इस गाने की शूटिंग कोलकाता में की थी, जहां से उनकी कुछ स्टिल्स भी वायरल हुई थीं।

प्रियंका चोपड़ा ने शेयर की बेटी मालता की स्पेशल तस्वीर

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
नई दिल्ली। प्रियंका चोपड़ा अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को मैनेज करना बेहद अच्छे से जानती हैं। प्रियंका सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं आए दिन अपनी लाडली बेटी मालती के साथ फोटोज और वीडियो शेयर करती रहती हैं।प्रियंका चोपड़ा जितना वक्त अपने काम को देती हैं उससे कई ज्यादा वह परिवार के साथ भी क्वालिटी टाइम स्पेंड करती हैं। इन दिनों भी कुछ ऐसा ही हो रहा है।

देसी गर्ल इन दिनों अपनी बेटी के साथ क्वालिटी टाइम बिता रही हैं जिसकी एक झलक उन्होंने इंस्टग्राम पर शेयर की है ।पीसी इन दिनों अपनी फैमिली के साथ क्वालिटी टाइम बिता रही हैं, जिसकी एक झलक उन्होंने इंस्टग्राम पर शेयर की है, जिसमें मालती के नन्हे हाथ नजर आ रहे हैं।प्रियंका चोपड़ा ने दो फोटो शेयर की है। पहली तस्वीर में बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस को गोद में लिए सेल्फी लेती दिखाई दे रही हैं, जिसमें ग्रे कार्डिगन पहने हुए लाडली को पकड़ा हुआ है। तो वहीं नन्हीं मालती सफेद और पिंक आउटफिट में बहुत प्यारी लग रही है। जबकि दूसरी तस्वीर में सिर्फ उनकी लाडली का हाथ नजर आ रहा है। शेयर की गई दूसरी फोटो मालती के जन्म के समय की है। पीसी ने फोटो के कैप्शन में लिखा, टाइम सचमुच उड़ जाता है। सप्ताह की सही शुरुआत।प्रियंका के इस पोस्ट पर पापा निक जोनस ने बेटी पर खूब प्यार जताया है। इस पोस्ट के कमेंट में निक ने दिल वाला इमोजी बनाया है। बता दें निक जोनस इन दिनों अपने कॉन्सर्ट में बिजी चल रहे हैं, जिसके चलते वह परिवार से दूर है।

बालाकोट एंड बियॉन्ड' का नया फोटो जारी इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर होगी स्ट्रीम

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
नई दिल्ली। 'उरी- द सर्जिकल स्ट्राइक' के बाद अब लोगों के सामने 'बालाकोट एयरस्ट्राइक' की कहानी आने वाली है। आज 26 फरवरी को 'बालाकोट एयरस्ट्राइक' को पूरे पांच साल हो गए हैं। ऐसे में आज ही जिमी शेरगिल और लारा दत्ता स्टारर 'रणनीतिः बालाकोट एंड बियॉन्ड' का एक नया वीडियो जारी कर दिया गया है।स्टारर नई वेब सीरीज रणनीति बालाकोट एंड बियॉन्ड का आज 26 फरवरी को एक नया वीडियो जारी किया गया है। आज ही बालाकोट एयरस्ट्राइक को भी पूरे पांच साल हो गए हैं। ऐसे में इस वेब सीरीज में बालाकोट एयरस्ट्राइक की कहानी देखने को मिलने वाली है। जल्द ही यह सीरीज ओटीटी पर आने वाली है।बालाकोट एयर स्ट्राइक को पांच साल पूरे होने के मौके पर जियो सिनेमा ने वेब सीरीज 'रणनीतिः बालाकोट एंड बियॉन्ड' की एक नई झलक फैंस को दिखाई है। मेकर्स ने इस सीरीज का प्रोमो वीडियो शेयर किया है। वीडियो शुरू होते ही पहले पुलवामा अटैक से जुड़ी झलक देखने को मिलती है।संतोष सिंह द्वारा निर्देशित इस वेब सीरीज में लारा दत्ता और जिमी शेरगिल के अलावा आशुतोष राणा, आशीष विद्यार्थी, प्रसन्ना और कई सितारे अहम भूमिका में नजर आएंगे।

हिट फिल्मों के बावजूद क्यों हॉलीवुड में कम हो रही महिला निर्देशकों की भागीदारी

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
नई दिल्ली। फिल्मी दुनिया जितनी ग्लैमरस दिखती है, उतनी है नहीं। फिल्म इंडस्ट्री में लिंग भेद आम बात हो गई है। दुनिया की सबसे बड़ी फिल्म इंडस्ट्री हॉलीवुड में भी महिलाएं लिंग भेद का शिकार हो रही हैं। शायद इसी वजह से पिछले कुछ सालों में हॉलीवुड में महिलाओं की भागीदारी बहुत कम हुई है। को लेकर एक स्टडी की गई जिसमें खुलासा किया गया है पिछले एक साल में इंडस्ट्री में महिला फिल्ममेकर्स की भागीदारी कम हुई है। हैरानी की बात है कि कम भागीदारी के बावजूद जितनी फिल्में बनीं सारी हिट हुई हैं। आखिर हॉलीवुड जैसी विशाल इंडस्ट्री में महिलाओं की भागीदारी कम होने की क्या वजह है। लेटेस्ट स्टडी में खुलासा हुआ है।पिछले 10 साल में हॉलीवुड में महिलाओं की भागीदारी धीरे-धीरे घटती जा रही है। साल 2023 में नंबर सबसे ज्यादा कम रहा, जो चिंताजनक है।

नीरज पांडे ने फिल्म को लेकर दिया बड़ा अपडेट बताया कब आएगी अजय देवगन और तब्बू की मूवी

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
नई दिल्ली। 'दृश्यम', 'गोलमाल' और 'दे दे प्यार दे' जैसी कई फिल्में एक साथ काम करने के बाद अब बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और एक्ट्रेस तब्बू जल्द ही एक और फिल्म 'औरों में कहां दम था' में साथ दिखाई देने वाले हैं।अजय देवगन और तब्बू की रिलीज को लेकर बड़ा अपडेट शेयर किया है।अ वेडनसडे', 'स्पेशल 26', 'बेबी' और 'एमएस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी' जैसी फिल्में बना चुके डायरेक्टर नीरज पांडे अपनी आगामी फिल्म 'औरों में कहां दम था' लेकर आने वाले हैं। अब हाल ही में नीरज पांडे ने पिंकविला से बात करते हुए कहा,

आने वाली नई फिल्म है। फैंस एक बार फिर इस जोड़ी को साथ में देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब इस मूवी के डायरेक्टर नीरज पांडे ने फिल्म से जुड़ा नया अपडेट शेयर किया है। उन्होंने हाल ही में एक इंटरव्यू में इस बात का खुलासा किया है कि यह मूवी कब आने वाली है।नीरज पांडे के निर्देशन में बन रही अजय देवगन स्टारर यह फिल्म अपने पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में है। अब हाल ही में एक इंटरव्यू में बात करते हुए नीरज ने फिल्म 'औरों में कहां दम था, एक रोमांटिक म्यूजिकल लव स्टोरी है और यह जून में रिलीज होगी, मैं बस इतना ही कह सकता हूं। इसकी रिलीज की तारीख की घोषणा करने के लिए हम जल्द ही एक टीजर और ट्रेलर लाएंगे'।बता दें कि पहले ये फिल्म 26 अप्रैल, 2024 को रिलीज होने वाली थी। ऐसे में अब देखना होगा कि यह फिल्म कब दस्तक देगी और यह सिनेमाघरों में रिलीज होगी या ओटीटी पर इसका भी एलान होना अभी बाकी है।

चिट्ठी आएगी हमेशा याद दिलाएगी पंकज उधास के निधन पर भावुक हुए महेंश भट्ट



(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
मुंबई। फिल्म नाम का जिक्र होगा तो चिट्ठी आई है आई है.. गाने का जिक्र होना लाजमी है। पंकज उधास की मधुर गायिकी, उनकी सादगी और मुस्कुराहट जरूर याद आएगी। सादगी उस फिल्म की पहचान थी। वहीं पहचान पंकज उधास की भी थी। यह फिल्म का अहम लम्हा था, जहां पर हीरो का हृदय परिवर्तन होता है।पंकज उधास तो चले गए लेकिन लाखों लोगों की आंखें नम कर गए जिसमे उनके फैंस से लेकर परिवार वाले और कई फिल्मी सितारें भी शामिल है । सोशल मीडिया पर हर कोई उन्हें श्रद्धांजलि दे रहा है । इस बीच अब अनु मलिक और महेश भट्ट ने भी उन्हें याद किया घर से दूर रहने वाले अपना हाल-चाल चिट्ठी के माध्यम से ही व्यक्त करते थे। कहीं न कहीं उस गाने की यूनिवर्सल अपील थी।हमें लगा था कि यह गाना सिर्फ पंकज से ही गवाना चाहिए। एक काल्पनिक कहानी में लम्हा वास्तविक था। फिल्म में एक दृश्य है, जहां पर पंकज उधास का एक कार्यक्रम होता है और उसमें हमारी फिल्म के पात्र गए हैं। उसका लुत्फ लेने। मुझे याद है कि जब यह गाना पहली बार रिकार्ड होकर आया था तो एक टैक्सी ड्राइवर को मैंने सुनाया था, जो उत्तर प्रदेश का था। उसने गाना सुनकर गाड़ी रोक दी थी। उसने कहा कि आज हम आपसे किराया नहीं लेंगे। यह गाना सुनाकर आपने हमारा

दिल जीत लिया है। वह गाने को सुनकर बेहद भावुक हो गया था। यह पंकज की आवाज का ही कमाल था। इससे ज्यादा दाद कोई और दे नहीं सकता। पंकज के जाने से गजल गायकी की दुनिया को काफी क्षति हुई है।महेश कहते हैं कि गजल गायिकी की दुनिया में पंकज का बहुत अहम योगदान है। उन्होंने कहा, जब फिल्म चल जाती है तो उससे नया कलाकार पैदा होता है। जैसे संजय दत्त का 'नाम' फिल्म से पूनर्जन्म हुआ था।

है।वह भी अपने घर लौटने की इच्छा रखता था। आनंद बख्शी ने भावनाओं को शब्दों में उतारा था। पंकज ने उस दर्द को समझा था। वह दुनियाभर के अलग-अलग देशों में यात्रा करते थे। देश से दूर रह रहे लोगों की भावनाओं को समझते थे।यह कहना है नाम फिल्म के निर्देशक महेश भट्ट का। इस गाने ने पंकज को शोहरत की बुलंदियों पर पहुंचाया था। गाने से जुड़ी यादों को साझा करते हुए वह कहते हैं कि वह दौर मोबाइल फोन का नहीं था। चिट्ठी की अहमियत बहुत थी।

यामी गौतम के आगे दर्शक भूले नोरा फतेही का ग्लैमर

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
नई दिल्ली। यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल-370 के साथ सिनेमाघरों में टक्कर लेने वाली विद्युत् जामवाल स्टारर 'क्रैक' की शुरुआत बॉक्स ऑफिस पर भले ही अच्छी हुई हो, लेकिन पहले ही वीकेंड पर इस फिल्म का हाल-बेहाल होता नजर आ रहा है।विद्युत् जामवाल और नोरा फतेही ने 23 फरवरी को बॉक्स ऑफिस पर यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल-370 से पंगा लिया। हालांकि इस फिल्म के साथ अपनी स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म को रिलीज करना विद्युत् को काफी भारी पड़ा। पहले ही वीकेंड पर क्रैक की एक अच्छी कमाई करने में हालत खराब हो चुकी है। चलिए जानते हैं क्रैक की तीन दिन के आंकड़े-विद्युत् जामवाल की फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 4 करोड़ से ज्यादा की ओपनिंग की थी, लेकिन महज तीन दिनों के अंदर ही स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म का दम बॉक्स ऑफिस पर निकल गया है।यामी गौतम और प्रियामणि स्टारर फिल्म जहां डोमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर रविवार को अपनी धाक जमाती हुई दिखी, तो वहीं 'क्रैक' की सन्डे को कमाई करने में हालत खस्ता हो गयी। क्रैक ने बॉक्स ऑफिस पर तीन दिनों में कितना बिजनेस किया है चलिए जानते हैं।विद्युत् जामवाल-नोरा फतेही स्टारर 'क्रैक' ने जिस तरह से घरेलू बॉक्स ऑफिस पर शानदार ओपनिंग की थी।

विदयुत जमाल ने फिल्म क्रिटिक पर लगाया घूस मांगने का आरोप

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
नई दिल्ली। ' विद्युत जामवाल बॉलीवुड के एक्शन स्टार्स में गिने जाते हैं। हाल ही में उनकी फिल्म क्रैक रिलीज हुई है। एक्टर पिछले काफी दिनों से जोर-शोर से फिल्म का प्रमोशन कर रहे थे। वहीं, अब क्रैक की रिलीज के बाद एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। विद्युत जामवाल ने एक बड़े फिल्म क्रिटिक पर उनसे घूस मांगने का गंभीर आरोप लगाया हैविद्युत जामवाल अपनी हालिया रिलीज फिल्म क्रैक- जीतेगा तो जिएगा को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म के साथ एक बार फिर एक्टर खतरनाक स्टंट करते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि कमाई के मामले में क्रैक को बॉक्स ऑफिस पर थोड़ा संघर्ष करना पड़ रहा है जबकि फिल्म को रिलीज हुए अभी चंद दिन ही हुए हैविद्युत जामवाल अपनी हालिया

रिलीज फिल्म क्रैक- जीतेगा तो जिएग को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म के साथ एक बार फिर एक्टर खतरनाक स्टंट करते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि कमाई के मामले में क्रैक को बॉक्स ऑफिस पर थोड़ा संघर्ष करना पड़ रहा है जबकि फिल्म को रिलीज हुए अभी चंद दिन ही हुए हैविद्युत जामवाल ने ये भी जानकारी दी कि फिल्म क्रिटिक ने उन्हें ब्लॉक तक कर दिया है। एक्टर ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए लिखा,घूस मांगना एक जुर्म है, और घूस देना भी एक जुर्म है!! क्या मेरा जुर्म ये है कि मैंने घूस नहीं दी अगली बार अब जब भी आप किसी की सराहना करेंगे- तो हमें मुजरिम के बारे में पता होगा।

कल होगा पंकज उधास का अंतिम संस्कार परिवार वालों ने साझा की जानकारी

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
नई दिल्ली। पंकज उधास का सोमवार 26 फरवरी की सुबह मुंबई के कैंडी अस्पताल में निधन हुआ। जहां उनकी बीमारी का इलाज चल रहा है। गायक के निधन की खबर मीडिया में शाम करीब 4.15 के आस पास आई, जिसके बाद उनके निधन की जानकारी उधास परिवार ने भी सोशल मीडिया पर साझा की। वहीं अब परिवार की तरफ से एक और जानकारी सामने आई है, जिसे उनकी बेटी नायाब ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।कज उधास अब हमारे बीच जिसमें गायक के अंतिम संस्कार की जानकारी साझा की गई है। इस पोस्ट में लिखा है, बहुत भारी मन से हम, आपको बता रहे हैं कि लंबी बीमारी के कारण 26 फरवरी 2024 को उनका निधन हुआ। अंतिम संस्कार मंगलवार, 27 फरवरी को दोपहर 3 से 5 बजे के बीच मुंबई के वर्ली में हिंदू क्रिमेटोरियम में होगा।पंकज उधास की बेटी नायाब उधास ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें गायक के अंतिम संस्कार की जानकारी साझा की गई है। इस पोस्ट में लिखा है, बहुत भारी

नहीं रहे। उनके निधन की जानकारी उधास परिवार ने भी सोशल मीडिया पर साझा की थी। वहीं अब परिवार की तरफ से एक और जानकारी सामने आई है जिसे उनकी बेटी नायाब ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। सिंगर का अंतिम संस्कार कल मुंबई में होने वाला है।पंकज उधास की बेटी नायाब उधास ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है, मन से हम, आपको बता रहे हैं कि लंबी बीमारी के कारण 26 फरवरी 2024 को उनका निधन हुआ। अंतिम संस्कार मंगलवार, 27 फरवरी को दोपहर 3 से 5 बजे के बीच मुंबई के वर्ली में हिंदू क्रिमेटोरियम में होगा।इससे पहले पंकज उधास की बेटी नायाब उधास ने सोशल मीडिया पर पिता के निधन की जानकारी दी थी ।

मंडे टेस्ट में 'आर्टिकल 370को मिले इतने नंबर

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
नई दिल्ली। ाामी गौतम की एक्शन स्टारर फिल्म 'आर्टिकल 370' ने सिनेमाघरों में धूम मचा दी है। असल घटनाओं पर आधारित ये मूवी काफी पसंद की जा रही है। फिल्म पर दर्शक भरपूर प्यार लुटा रहे हैं। ओपनिंग वीकेंड में पिक्चर ने धांसू कमाई की, जिसके बाद अब बारी है इसके पहले वीकडे के पहले दिन 370' का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था कि इस फिल्म के जरिए लोगों को सच्चाई का पता चलेगा। पीएम मोदी के मेंशन के बाद फिल्म को और पब्लिसिटी मिली, जो कि एक अन्य वजह है फिल्म के लाइमलाइट में बने रहने की।ओपनिंग वीकेंड में फिल्म ने अच्छी कमाई की। हर दिन मूवी का कलेक्शन बढ़ता ही गया। वहीं,

का कलेक्शन जानने कीयामी गौतम स्टारर फिल्म आर्टिकल 370 की चर्चा इन दिनों हर ओर है। ये फिल्म ऐसे वक्त में रिलीज हुई है जब चुनाव के दिन ज्यादा दूर नहीं हैं। फिल्म को लोगों का खूब प्यार मिल रहा है। आर्टिकल 370 मूवी ने ओपनिंग वीकेंड में अच्छी कमाई की जिसके बाद इसके सोमवार के कलेक्शन का रिजल्ट सामने आ गया है।कुछ दिन पहले चुनावी भाषण में प्राइम मिनिस्टर नरेंद्र मोदी ने 'आर्टिकल अब फिल्म रिलीज के पहले वीकडे की शुरुआत हो चुकी है। मंडे टेस्ट में फिल्म पास हुई या फेल, ये तो आंकड़ों से पता लगेगा।आर्टिकल 370' ने पहले दिन 6 करोड़, दूसरे दिन 9.50 करोड़ और तीसरे दिन 9.50 करोड़ की कमाई की थी। अब सैकनिल्क के शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, मंडे टेस्ट में फिल्म को बस 3.25 करोड़ हासिल हुए हैं। इसी के साथ मूवी का कुल कलेक्शन 26.15 करोड़ हो गया है।

नोट कर लें तारीख ओटीटी पर आ रही परिणीति दिलजीत की 'चमकीला'

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
नई दिल्ली। जब वी मेट, रॉकस्टार और लैला मजनू जैसी कई फिल्में बना चुके इम्तियाज अली अपनी आगामी फिल्म चमकीला को लेकर सुर्खियों में हैं। दिग्गज फिल्ममेकर की ये फिल्म सिनेमाघरों की बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी।के निर्देशन में बनी फिल्म थिएटर्स की बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने वाली है। और स्टारर फिल्म की रिलीज डेट का भी एलान कर दिया गया है। पहली बार एक साथ काम कर रहे परिणीति और दिलजीत की मूवी को लेकर लोग काफी एक्साइटेड हैं। फिल्म कहां और कब रिलीज होगी जानिए सारी डिटेल्स।इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी 'चमकीला' में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अहम भूमिका निभा रहे हैं। 'चमकीला' मूवी पंजाब के रॉकस्टार कहे जाने वाले अमर सिंह चमकीला पर आधारित है। फिल्म की अनाउंसमेंट के बाद से ही लोग इम्तियाज की इस पेशकश का इंतजार कर रहे थे। फाइनली रिलीज डेट आउट हो गई है।26 फरवरी 2024 को परिणीति और दिलजीत की फिल्म 'चमकीला' का इंतजार करने वालों की बेकरारी खत्म हुई। सोमवार को एक मोशन पोस्टर के साथ फिल्म की रिलीज डेट का एलान किया गया। मूवी ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है। नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर कर रिलीज डेट आउट की है। वीडियो शेयर करते हुए नेटफ्लिक्स ने लिखा, माहौल बन जाता था जब वह छेड़ता था साज, कुछ ऐसा ही था चमकीला का अंदाज। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर यह फिल्म 12 अप्रैल से स्ट्रीम होगी। चमकीला' पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री के जाने माने म्यूजिशियन अमर सिंह की कहानी है। वह पंजाब के हाईएस्ट रिकॉर्ड सेलिंग आर्टिस्ट थे। अपनी आवाज से चाहने वालों के दिलों का तार छेड़ने वाले अमर सिंह और उनकी पत्नी अमरजोत की 8 मार्च 1988 को हत्या कर दी गई थी।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।